


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 322

ग्वालियर, शनिवार, 15 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### संत आसाराम बापू के आश्रम में हुआ विस्फोट, 1 की मौत

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में आसाराम बापू के आश्रम में खाना बनाने के दौरान बॉयलर में विस्फोट हुआ है। जिसके बाद एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है।साथ ही 4 महिलाएं जख्मी हो गई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बात दें कि आश्रम में करीब 300 बच्चे पढ़ते हैं। बताया जा रहा है कि विस्फोट के बाद अफरा-तफरी का माहौल है।धमाका इतना जोर था कि दीवार में छेद हो गया है। पुलिस प्रशासन की टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। दरअसल आसाराम आश्रम की संचालक दर्शन ने कहा है कि सुबह बॉयलर ब्लास्ट हुआ है। जिससे 4 महिलाएं घायल हुई हैं,जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने कहा कि बॉयलर खराब है,इस बनाने के लिए मैकेनिक को बुलाया गया था मैकेनिक ही बॉयलर का रिपेयरिंग कर रहा था, इसी दौरान विस्फोट हुआ, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने जानकारी दी है, कि परासिया रोड में आसाराम का आश्रम है। जिसमें करीब 300 बच्चे पढ़ते हैं। खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ है।जिससे अहमदाबाद से आए व्यक्ति की मौत हो गई है। और 4 महिलाएं भी घायल हैं। फिलहाल सभी एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

### शादी की खुशियो के बीच पसर गया मौत का मातम

**भोपाल।** अपनी भतीजी की शादी का कार्ड देने जा रहे चाचा की सडक हादसे मे मौत हो जाने से परिवार की खुशिया मातम मे बदल गई। हादसा बैरसिया थाना इलाके का है, जहॉ तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक पर जा रहे मृतक को अपनी चपेट मे ले लिया था। मर्ग कायम कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम करारिया मे रहने वाले सुरेश पुत्र प्रभुलाल अहिरवार (40) की भतीजी की शादी आगामी दिनो मे होना है। शादी के चलते बीती सुबह सुरेश अपने भांजे अशोक के साथ बाइक से ग्राम तरावली में रहने वाले रिश्तेदार के घर शादी का कार्ड देने जा रहे थे। सुबह करीब साढे दस बजे दोनों ग्राम कुल्हौर स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को अपनी चपेट मे ले लिया। दर्दनाक हादसे मे सुरेश का एक पैर घुटने के पास से कटकर पूरी तरह अलग हो गया था। वहीं उनके भाजें अशोक को मामूली चोट लगी थी। सुरेश को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहॉ इलाज के दौरान दोपहर के समय सुरेश की मौत हो गई। बताया गया है कि हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### विधवा महिला को डुप्लेक्स बनाकर देने के लिये 12 लाख लिये

**भोपाल।** राजधानी मे एक विधवा महिला के साथ बिल्डर द्वारा अमानत मे ख्यानत किये जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला को एक प्लॉट पर डुप्लेक्स बनाने का एग्रीमेंट करते हुए उससे 12 लाख रुपये लिये थे, लेकिन बाद मे जिस प्लॉट पर डुप्लेक्स बनाने थे, उस प्लॉट को आरोपी ने किसी ओर को बेच दिया। बताया गया है कि जालासाजी कोलार के काबेरी गृह निर्माण संस्थान के तत्कालीन अध्यक्ष और बिल्डर द्वारा की गई है। करीब 11 साल बाद भी जब आरोपी ने पीडीता को बनाकर नहीं दिया तो वो थाने जा पहुचीं। पीड़िता गीता चौकसे पति स्व. विष्णु चौकसे ने अपनी शिकायत मे बताया कि उसे कुछ महीने पहले ही जानकारी लगी कि जिस प्लॉट पर उसे डुप्लेक्स बनाकर देने का कहकर बिल्डर खलिद खॉन ने अनुबंध करते हुए लाखो की रकम ली थी, बिल्डर ने उस प्लॉट पर डुप्लेक्स बनाकर किसी अन्य को बेच दिया है। राजधानी मे रहने वाली पीडीता कि शिकायत की जॉच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### सुपौल में दर्दनाक हादसा करंट की चपेट में आने से एसएसबी के तीन जवानों की मौत

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में एसएसबी की 45वीं बटालियन के वीरपुर कैंप में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। करंट लगने से 3 ट्रेनी जवानों की मौत हो गई जबकि आठ झुलस कर घायल हो गए। इसमें से चार घायलों को रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद कैंप में अफरा तफरी का माहौल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 45वीं बटालियन के कमांडेंट एच के गुप्ता का तबादला हो गया था। बुधवार की शाम उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुआ था। शुक्रवार दोपहर करीब 12=30 बजे ट्रेनी जवान टेंट खोल रहे थे। इसी दौरान टेंट के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार में अल्मुनियम का एक पाइप सट गया। सभी जवान एक जगह ही काम कर रहे थे इसलिए एक साथ कई लोग करंट की चपेट में आ गए।

### दो दिन बाद फिर छा सकते हैं बादल, बदलेगा मौसम का मिजाज

## प्रदेश को उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने ठिठुराया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश को उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने ठिठुरा दिया है। आगामी 17 जनवरी से वातावरण में नमी बढ़ने से फिर बादल छाने की संभावना है। इससे एक बार फिर रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मध्य प्रदेश को प्रभावित करने वाला कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से बादल छंटने लगे हैं। हवा का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इसके चलते उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण वर्तमान में प्रदेश में ठिठुरन बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 16 जनवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त 18 जनवरी को भी तीव्र आवृति के एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार, लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के कारण उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हुई है। हालांकि हरियाणा में अभी भी एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। तमिलनाडु, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी एवं दक्षिणी कोंकण में भी हवा के ऊपरी भाग में भी चक्रवात बने हुए हैं। कर्नाटक से ओडिशा तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इस वजह से कुछ नमी आ रही है। शुक्ला के मुताबिक 17 जनवरी से प्रदेश में फिर बादल छाने की संभावना है। साथ ही 18-19 जनवरी से कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की भी संभावना बन रही है।मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा के अनुसार, गुरुवार को राजधानी भोपाल का अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम रहा। गुरुवार को सिवनी में तीव्र शीतल दिन रहा। शाजापुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, धार एवं बैतूल में शीतल दिन रहा।

### प्रदेश में ठंड के तेवर नरम होंगे

#### उज्जैन में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड; भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर बेल्ट में भी असर

**भोपाल।** पाकिस्तान से आ रही हवाओं ने दो और सिस्टम एक्टिव कर दिए हैं। अगले 36 घंटे प्रदेश में ठंड रहेगी, इसके बाद कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। अभी जो दो सिस्टम एक्टिव हैं, काफी कमजोर हैं। इस वजह से ठंड का ज्यादा असर नहीं पड़ रहा है। प्रदेश में 16 जनवरी को एक के बाद एक दो और सिस्टम बनेंगे। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह की मानें तो उज्जैन, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, सागर और जबलपुर में इसका ज्यादा असर रहेगा। उज्जैन में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड रहेगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अभी रात और दिन का तापमान 24 घंटे तक इसी तरह बने रहेंगे। संक्रांति के दिन भी अच्छी ठंड रहेगी। उज्जैन में दिन में कोल्ड डे रहेगा। सिवनी, बैतूल, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, रतलाम, उज्जैन, दतिया, गुना और श्योपुरकलां में दिन ज्यादा ठंडे रहेंगे। शाम के बाद मौसम में कुछ बदलाव होने का अनुमान है। वर्तमान में हरियाणा के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ (पाकिस्तान से आ रही हवाएं) एक चक्रवातीय गतिविधियों के रूप में हैं। एक कमजोर सिस्टम ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इसका असर नहीं है। तमिलनाडु, दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी कोंकण क्षेत्रों में अन्य चक्रवातीय गतिविधियां हैं।

## मकर संक्रांति पर कोरोना बना बाधा, हरिद्वार में डुबकी पर रोक



### गंगासागर में 3 लाख से अधिक श्रद्धालु जुटे

**नई दिल्ली।** सूर्य उपासना का पर्व मकर संक्रांति पर कोरोना वायरस का संकट बाधा बनकर सामने आया और इस बार भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया। आज मकर संक्रांति का स्नान है मगर हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा स्नान को प्रतिबंधित किए जाने के चलते हरिद्वार के पूरे हर की पैड़ी क्षेत्र को बैरिकेड करके श्रद्धालुओं के आने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लगाकर आने वाले श्रद्धालुओं को हर की पैड़ी और अन्य गंगा घाटों पर जाने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा प्रबंध किए गए हैं। स्नान के प्रतिबंधित होने से हर की पैड़ी समेत सभी घाट सूने पड़े हैं। इसी के बीच आज सुबह की गंगा आरती भी केवल चंद लोगों की उपस्थिति में ही हो सकी है। सामान्य तौर पर मकर संक्रांति स्नान पर बड़ी संख्या में देशभक्त श्रद्धालु मां गंगा का स्नान करने के लिए हरिद्वार आते हैं। मगर चूंकि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते जिला प्रशासन ने इस स्नान को प्रतिबंधित किया है। इसके चलते पूरा हर की पैड़ी क्षेत्र खाली पड़ा हुआ है। सीओ सिटी शेखर सुयाल का कहना है कि बाहर हर बैरियर और हर नाके पर हमारी पुलिस मौजूद है और कोविड-19 गाइडलाइन का अनुपालन कराना हमारी जिम्मेदारी है।

## शिक्षा की दुश्मन भाजपा, दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों का करियर संवारने वाले देश के मेंटर कार्यक्रम को साजिश के तहत रोका : मनीष सिसोदिया



**नईदिल्ली।** भाजपा शिक्षा की दुश्मन है और दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों का करियर संवारने वाले देश के मेंटर कार्यक्रम को साजिश के तहत रोक रही है।भाजपा देश के मेंटर कार्यक्रम की सफलता से घबरा गई है और अपने ही कार्यकर्ता से शिकायत करा दिल्ली के सरकारी स्कूल में पढने वाले लाखों बच्चों का करियर संवारने वाले कार्यक्रम को बंद करा रही है। उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को भाजपा के शिक्षा विरोधी चरित्र का पर्दाफाश करते हुए ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को रोकने के लिए भाजपा ने बेहद हास्यास्पद आधार बनाया है। भाजपा का कहना है कि पहले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जाए उसके बाद उन्हें करियर बनाने का टिप्स दें।श्री सिसोदिया ने कहा कि आईआईटी, आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में पढने वाले युवा बच्चों के करियर को संवारने में मदद कर रहे हैं लेकिन भाजपा का मानना है कि इससे साइबर क्राइम और चाइल्ड ट्रैफिंग बढ़ेगा।दरअसल भाजपा देश के युवाओं को अशिक्षित रख धर्म और जाति के झगड़ों में उलझाए रखना चाहती है।वो ना तो खुद शिक्षा पर काम करती है और ना ही केजरीवाल सरकार को करने दे रही है।सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चे अपने करियर के लिए पढ़े-लिखे युवाओं से गाइडेंस और मेंटरिंग पाकर कुछ बेहतर कर सके ये बात भाजपा के लिए असहनीय हो गई है।भाजपा इस बात से घबरा रही है कि देश में गरीब परिवारों के बच्चे अगर पढ़-लिख जाएंगे तो भाजपा के नफरत का प्रोपोगैंडा कौन चलाएगा, उन्हें धर्म-जाति के मुद्दों में कौन उलझाकर रखेगा।


उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने देश के पढ़े-लिखे युवाओं को शिक्षा के साथ जोड़ने के लिए 'देश के मेंटर' प्रोग्राम की शुरुआत की।


## बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हुई




**कोलकाता।** बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 9 पहुंच गई। घटनास्थल पर बचाव कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री जॉन बारला ने बताया कि 36 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं बाकी बचे यात्रियों को स्पेशल ट्रेन से गुवाहाटी वापस भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट गुरुवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दौरान कुछ डिब्बे पलट गए थे। इसके चलते अब तक 9 यात्रियों की मौत हो चुकी है। गुवाहाटी में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के प्रवक्ता ने कहा कि दुर्घटना एनएफआर के अलीपुरद्वार संभाग के अंतर्गत एक इलाके में शाम करीब 5 बजे हुई। दुर्घटनास्थल गुवाहाटी से 360 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है।

बचावकर्मियों ने अंधेरे और घने कोहरे के बीच जीवित बचे लोगों और शवों का पता लगाने के लिए प्रत्येक डिब्बे की अच्छी तरह से तलाशी ली। नई दिल्ली में रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे। गुवाहाटी में एनएफआर के एक बयान में कहा गया है कि बचाव अभियान पूरा हो गया है। दुर्घटना के समय ट्रेन में 1,053 यात्री सवार थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार छह डिब्बे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक यात्री ने कहा, हमें अचानक झटका लगा। हम सब जोर-जोर से हिल रहे थे।

न्यूज़ ट्रैक....



## आईपीएल में वापसी करना चाहते हैं स्टार्क

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी करने पर विचार कर रहे हैं। स्टार्क ने इससे पहले साल 2015 में आईपीएल मे खेला था , उसके बाद से ही वह व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए ही इस टूर्नामेंट से बाहर थे। स्टार्क ने कहा कि इस साल भी उन्हें उप महाद्वीप का दौरा करने के साथ ही टी20 विश्वकप में भी खेलना है पर इसके बाद भी वह आईपीएल में भाग लेना चाहते हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं किया है पर लीग की नीलामी में उनका नाम जरूर शामिल होगा। स्टार्क ने साल 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 9.4 करोड़ रूपए का करार किया था पर चोटिल होने के कारण उन्हें बीच में ही रिलीज कर दिया गया था। आगामी सत्र के लिए अगले माह 'मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी। स्टार्क ने कहा कि मैंने अभी अपना नाम इस नीलामी से बाहर नहीं किया है, लेकिन मेरे पास इस पर फैसला करने के लिए अभी समय है।

## सिंधू , प्रणय क्वार्टर फाइनल में, साइना इंडिया ओपन से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की वी सिंधू और एच एस प्रणय इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। सिंधू ने महिला एकल में अपने ही देश की ईरा शर्मा को 21-10, 21-0 से हराया। अब उनका सामना अष्मिता चालिहा से होगा जिसने याएले होयाउ को 21-17, 21-14 से हराया है। वहीं भारत की ही अनुभवी महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। साइना को हमवतन मालविका बंसोड़ ने आधे घंटे तक चले मुकाबले में 21-17, 21-9 से हराया। अब विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान वाली मालविका का मुकाबला आकर्षि कश्यप से होगा। आकर्षि ने हमवतन केयुरा मोपाटिन को 21-10, 21-10 से हराया। वहीं पुरुष एकल वर्ग में प्रणय को वॉकओवर मिला। इसका कारण यह है कि प्रणय के विरोधी खिलाड़ी मिथुन मंजूनाथ ने कोरोना पॉजिटिव होने के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। मंजूनाथ के अलावा पुरूष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत , युगल खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा, रितिका राहुल ठकार, त्रिसा जॉली, सिमन अमन सिंह और खुशी गुप्ता ने भी कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद अपना नाम वापिस ले लिया था। प्रणय का सामना अब लक्ष्य सेन और स्वीडन के फेलिक्स बुस्टेट के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# एकदिवसीय विश्व कप के लिए प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी: मिताली

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने कहा है कि मार्च-अप्रैल में होने वाले महिला विश्व कप मुकाबलों को देखते हुए टीम को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। मिताली ने कहा कि पिछले एक साल में टीम ने जिन भी क्षेत्रों में काम किया है, उसमें किये सुधारों को जारी रखना होगा। भारतीय टीम कोरोना वायरस महामारी के दौरान एकदिवसीय विश्व कप की अच्छी तैयारी के लिए 11 फरवरी से मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की एक श्रृंखला भी खेलेगी। इसका कारण है कि विश्व कप भी न्यूजीलैंड में ही चार मार्च से होने वाला है। भारतीय टीम ने विश्व कप को देखते हुए कई नए खिलाड़ियों को भी अवसर दिया है। इसमें मेघना सिंह, यस्तिका भाटिया और ऋचा घोष के नाम शामिल हैं। वहीं स्नेह राणा टीम में सफल वापसी कर रही हैं।



मिताली ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरों के सकारात्मक पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि हम विश्व कप से पहले अपने संयोजन को ठीक करने की कोशिश करेंगे और कुछ ऐसे संयोजनों को आजमाएंगे जिससे पिछले साल हमें सकारात्मक परिणाम मिले थे। देखा गया है कि भारतीय टीम मध्यक्रम और निचले मध्यक्रम में तेजी से रन बनाने में पीछे रही है हालांकि ऋचा और पूजा के आने से इसमें बदलावा आया है। मेघना और रेणुका सिंह के आने से तेज गेंदबाजी भी बेहतर हुई है। निचले मध्य क्रम ने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें हमें और निरंतरता लाना है। पूजा और स्नेह जैसे खिलाड़ियों ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में गेंद और बल्ले से अच्छी भूमिका निभाई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा ने साबित किया है कि वह अंतिम ओवरों में बड़े शॉट खेल सकती हैं। उन्होंने कहा कि वह हमारी बल्लेबाजी को मजबूत करती है तो वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया विकेटकीपिंग के मामले में कहीं अच्छी हैं। टीम में किसी जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होना अच्छा है और हमारे पास संयोजनों को आजमाने के लिए श्रृंखला के पांच मैच हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाली इस खिलाड़ी ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन स्पिन विभाग में थोड़ा और काम करने की जरूरत है। इस विभाग में हालांकि हमारे पास अनुभवी गेंदबाज है। विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा जैसे सलामी बल्लेबाजों को बड़ी भूमिका निभानी होगी, जबकि मिताली से मध्य क्रम में बड़े स्कोर बनाने की उम्मीद होगी।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ सीरीज खेलना चाहती है पाक: रमीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पास भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें के साथ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए प्रस्ताव रखेंगे। इस श्रृंखला से होने वाली आय को इन सभी सदस्यों में बांटा जाएगा। रमीज ने कहा कि टूर्नामेंट की मेजबानी चारों प्रतिभागी देशों द्वारा बारी-बारी से की जाएगी। राजा ने ट्विटर पर लिखा, 'हैलों फैंस। आईसीसी को एक चार देशों की टी20 अंतरराष्ट्रीय 'सुपर सीरीज का प्रस्ताव देने जा रहा हूं। इसमें पाकिस्तान, भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम शामिल होगी। इसे हर साल खेला जाएगा और इसकी मेजबानी का अधिकार चारों देशों को बारी बारी से मिलेगा। रमीज ने लिखा, 'इसके राजस्व का एक अलग तरीका होगा जिसमें लाभ को सभी सदस्यों में बराबरी से साझा किया जाएगा। मुझे लगता है कि यह सबके लिए फायदेमंद रहेगा। माना जा रहा है कि रमीज इस प्रस्ताव के जरिये भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मुकाबले चाहते हैं हालांकि आईसीसी के आगामी भविष्य दौरा कार्यक्रम में हालांकि इस तरह के टूर्नामेंट के लिए अभी कोई स्थान नजर नहीं आता है। भारत ने भी लगभग एक दशक से त्रिकोणीय और चार देशों की श्रृंखला खेलना बंद कर दिया है। वहीं पाक के साथ भारत के केवल आईसीसी मुकाबलों में ही खेलता है।





सउदी अरब में स्पेनिश सुपर कप में खेलती हुई रियाल मैड्रिड व एफसी बार्सिलाना की टीमें।

# ऋषभ और विराट ने भारतीय पारी को संभाला, लंच तक 130/4



**केपटाउन।** भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के साथ जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन के यहां लंच तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 130 रन बना लिए थे। इसी के साथ ही भारत की कुल बढ़त अब 143 रन की हो गई है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 223 रन बनाये थे जबकि मेजबान टीम पहली पारी में 210 रनों पर ही आउट हो गयी थी। दूसरी पारी में लंच के समय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 51 और कप्तान विराट कोहली 28 रन पर खेल रहे थे। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 72 रन बनाये हैं। वहीं दूसरी ओर मेजबान दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसेन ने दो-दो विकेट लिए हैं।



भारतीय टीम ने इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बल पर वापसी की है। बुमराह के पांच विकेटों की बदौलत ही भारतीय टीम ने मेजबान टीम को पहली पारी में 210 रनों पर समेट दिया था।

दूसरी पारी में टीम इंडिया ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट फिर जल्दी खो दिए। बुमराह ने 23.3 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिये और एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा उन्होंने 7वीं बार किया। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने भी दो-दो विकेट लिये। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल 07 और लोकेश राहुल 10 रनों पर ही आउट हो गयी।

व्यापार न्यूज़

## पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर गुरुवार को लगातार 70 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क क्रमशः पांच और दस रुपए घटाये जाने की घोषणा चार नवंबर को किए जाने के बाद कीमतों में काफी कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के वैट कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में दो दिसंबर को पेट्रोल लगभग आठ रुपए सस्ता हुआ था। गुरुवार को सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत उतरकर 84.45 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.27 प्रतिशत उठकर 82.42 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। घरेलू बाजार में 70 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किए जाने के कारण पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपए प्रति लीटर पर टिके रहे।


## टीवीएस मोटर ने स्विगी से मिलाया हाथ

**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर ने खाना आर्डर और डिलिवरी की सुविधा देने वाला मंच स्विगी के साथ समझौता कर लिया है। टीवीएस मोटर ने कहा कि साझेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस समझौते के तहत स्विगी खाना पहुंचाने और मांग के आधार पर सेवाओं के लिए प्रयोग के तौर पर टीवीएस मोटर के इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग होगा। टीवीएस मोटर ने कहा कि दोनों कंपनियां स्विगी के डिलिवरी भागीदारों के लिए स्थायी और व्यापक समाधानों के निर्माण की तलाश कर रही हैं।

## इथेरियम में जोरदार तेजी, 5800 बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली।** बिटक्वाइन के बाद दुनिया की प्रमुख डिजिटल करेंसी इथेरियम की कीमत में नए साल 2022 की शुरुआत के साथ शुरू हुआ गिरावट का सिलसिला आखिरकार थम गया है। नवंबर के बाद से इथेरियम की कीमत में काफी कमी आ चुकी है। गुरुवार को इसका दाम 5,896 रुपए बढ़कर 2,66,864 रुपए पर पहुंच गया है। इसके भाव में 2.26 फीसदी की जोरदार तेजी आई है। इथेरियम का बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 29.6 खरब रुपए हो गया है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बिटक्वाइन के साथ इथेरियम मे भी गिरावट का दौर जारी था। रिसर्च वेबसाइट फाइंडर और यूके स्थित बहुराष्ट्रीय बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड की वैश्विक शोध टीम ने भी यह अनुमान लगाया था कि 2021 में इथेरियम 3.50 लाख रुपये के पार जा सकता है, जिसे ये पहले पार कर चुकी है लेकिन नए साल के शुरु में इसके दाम में जोरदार गिरावट आई

# रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 नई बाइक होगी लांच



## बाइक का केटीएम 390 एडवेंचर से होगा मुकाबला

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी रॉयल एनफील्ड आने वाले समय में ज्यादा पावरफुल हिमायलन लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसे रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 कहा जा सकता है और इस अपकमिंग बाइक का मुकाबला एडवेंचर सेगमेंट की धांसू बाइक केटीएम 390 एडवेंचर से होगा। कंपनी इस साल सुपर मीटियॉर 650 और स्क्रैम 411 समेत कई और भी मोटरसाइकल लॉन्च करने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रॉयल एनफील्ड ने अपनी अपकमिंग एडवेंचर बाइक के लिए के1 (कोडनेम) नाम से एक नया प्लैटफॉर्म डिवेलप किया है और हिमालयन 450 इस प्लैटफॉर्म पर बेस्ड कंपनी की पहली एडवेंचर बाइक होगी। बाइक वाले ने अपनी रिपोर्ट में रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 की एक इमेज भी शेयर की है, जो देखने में रॉयल एनफील्ड की सभी मोटरसाइकल से काफी अलग है और यह पूरी तरह एडवेंचर बाइक जैसी है। इस बाइक में 450सीसी का सिंगल सिलिंडर लिक्विड कूल्ड इंजन लगा होगा, जो कि 45बीएचपी तक की पावर जेनरेट करने में सक्षम होगा। अपकमिंग रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 के संभावित लुक और फीचर्स की बात करें तो बाइकवाले की रिपोर्ट के मुताबिक यह कुछ-कुछ हिमालयन 411 जैसी दिखेगी, लेकिन काफी हद तक इसमें नया डिजाइन लैंग्वेज दिखेगा। इसमें अलग तरह का फ्यूल टैंक देखने को मिलेगा। इसमें 21 इंच का फ्रंट और 17 इंच की रियर व्हील लगा होगा। इसमें ट्यूबलेस टायर और स्पोक व्हील्ज लगे होंगे। एक और खास बात ये देखने को मिलेगी कि इसका वजन मौजूदा हिमालयन से हल्का होगा।

## महिंद्रा को भारी पड़ गया कोरिया से सौदा!

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख ऑटो कंपनियों में से एक महिंद्रा एंड महिंद्रा को एक सौदा बहुत भारी पड़ गया है। गौरतलब है कि यह मामला है 2010 में हुए एक सौदे का, जिसमें महिंद्रा एंड महिंद्रा ने तब 2,100 करोड़ रुपए में दक्षिण कोरिया की ऑटो कंपनी सेंसंगयेंग मोटर खरीदा था। महिंद्रा समूह इस कंपनी को बेचने का काफी समय से प्रयास कर रहा था, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिल रहा था। दक्षिण कोरिया की कुछ कंपनियों के एक गठजोड़ ने इसे खरीदने की सहमति दे दी है। कई महीनों से कोर्ट के चक्कर के बाद एडिशन मोटर्स की अगुआई में लोकल कंपनियों के एक गठजोड़ ने उक्त कंपनी को 305 बिलियन वॉन यानी करीब 254.56 मिलियन डॉलर में खरीदने का ऑफर दिया है। इस ऑफर में सेंसंगयेंग मोटर की 95 फीसदी हिस्सेदारी के बदले 254.56 मिलियन डॉलर देने का प्रस्ताव है। सेसंगयेंग मोटर में अभी महिंद्रा का 74.65 फीसदी हिस्सा है। इससे उम्मीद के हिसाब से परिणाम नहीं मिलने पर महिंद्रा ने फरवरी 2021 में इसे सेल के लिए डाल दिया था। इसके साथ ही महिंद्रा ने करीब 2000 करोड़ रुपए के अपने निवेश को राइट ऑफ कर दिया था। साल 2020 के समाप्त होने से पहले ही उक्त कंपनी को 100 बिलियन वॉन के कर्ज के चलते बैंकरप्सी केस फाइल करने की जरूरत पड़ गई थी। कंपनी ने महिंद्रा से फ्रेश कैपिटल की मांग की लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया।



श्री गणपती बिहार
फेस-1
पटरी रोड पर शनीचरा चौरहा मुरैना झॉसी हाईवे
सभी पेपर तैयार
सुविधाऐं
गेट बन्द कॉलोनी
आर.सी.सी रोड़,सीवर,लाईट,पानी,पार्क, फ्रन्ट पटरी रोड़
90 फुट 40,30,25,फुट की रोड़
RATE आपके बजट में
Ph: 0751-4029189,9301759475,9340063936
कर्यालय : 101 जे.एस.प्लाजा,रिजनल पब्लिक स्कूल के पास,सूर्य मदिंर रोड़.गोले का मदिंर ग्वालियर

# टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारों को भारत में उतारने आ रही परेशनी

### एलन मस्क ने बताई अपनी समस्या

**नई दिल्ली।** टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारों को भारत बाजार में उतारने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यह जानकारी टेस्ला के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क ने गुरुवार को ट्वीट कर दी। उन्होंने बताया कि इन बाधाओं से निपटने के लिए कंपनी सरकार के साथ काम कर रही है ट्विटर यूजर प्रणय पाथोले ने अपने ट्वीट में एलन मस्क से पुछते हैं कि भारत में टेस्ला कब लॉन्च होगी इसपर कोई अपडेट है क्या टेस्ला की गाड़ियां काफी अच्छी होती है और वह दुनिया के हर कोने में रहने के लायक हैं!, इस ट्वीट का जवाब देते हुए एलन मस्क ने कहा कि अभी भी सरकार से कई चुनौतियों को लेकर सामना कर रहे हैं। टेस्ला ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय से बाजार में प्रवेश करने से पहले इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात करों को कम करने का आग्रह किया है, चार सूत्रों ने रायटर को बताया, कुछ भारतीय वाहन निर्माताओं की आपत्तियों का सामना करने वाली मांगों को खारिज कर दिया। टेक्स कटौती के लिए उसके अनुरोध ने कई स्थानीय प्लेयर्स की आपत्तियों को प्रेरित किया, जो कहते हैं कि इस तरह



के कदम से घरेलू विनिर्माण में निवेश बाधित होगा। मस्क ने उच्च आयात शुल्क के कारण भारत में ईवीएस लॉन्च करने के बारे में भी अपनी आपत्ति जताई थी। मस्क को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अस्थायी टैरिफ राहत की उम्मीद है, क्योंकि टेस्ला भारत में आधिकारिक तौर पर किसी भी कार को लॉन्च करने से पहले करों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मस्क ने कहा था कि टेस्ला जल्द ही भारत में अपनी कारों को लॉन्च करना चाहती है, लेकिन भारतीय आयात शुल्क किसी भी बड़े देश के मुकाबले दुनिया में सबसे ज्यादा है! उन्होंने यह भी कहा था कि टेस्ला भारत में एक फैक्ट्री की काफी संभावना है लेकिन ये तभी संभव होगा, जब उनकी आयातित कारें पहले देश में सफल हों।

# प्रशासन के दोगलेपन का परिणाम-गौवंश भूखों मरने के लिये मजबूर

**(श्रीगोपाल गुप्ता, बरिष्ठ पत्रकार)**

चम्बल संभाग मुख्यालय मुरैना से मात्र 5 किमी दूर नगर पालिक निगम मुरैना द्वारा संचालित देवरी गौशाला अब गायों की मौतशाला में तब्दील होती जा रही है। आलम यह है कि गत चार दिन पहले अचानक हुई बारीश के उपरांत जो सैकड़ों गायों के मरने का सिलसिला शुरु हुआ था वो बारिश थमने के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसके पीछे जो कारण ऊभर कर सामने आये हैं उसमें मुख्य हैं गऊ सेवा और देखरेख के नाम पर निगम द्वारा तैनात किये गये मस्टरकर्मी व भ्रष्ट निगम अधिकारियों का गठजोड़। जो गायों की सुरक्षा के नाम पर संगठित खुली लूट और वास्तविक गऊ सेवकों के सम्मान के साथ खुलेआम किया गया खिलबाड़ है। गायों के अच्छे स्वास्थ और बेहतर खानपान के लिये शासन और निगम से मिलने वाले प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये के फण्ड को वाकायदा मिलजुल कर बंदरवांट किया जा रहा है। नतीजन सैकड़ों गऊ माता भूख और पानी न मिलने के कारण दम तोड़ने के लिये मजबूर हैं। उल्लेखनीय है कि आज से 10 वर्ष पूर्व बड़ी संख्या में मुरैना के रास्ते उत्तरप्रदेश के तमाम अवैध बूचड़खानों में ट्रकों में भरकर ले जाने वाली सैकड़ों गायों को बचाने के लिये गौसेवकों ने कुछ हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्थानीय पुराने बस स्टैण्ड की खाली पड़ी भूमि पर उक्त गौशाला की स्थापना की थी। देखते-देखते गौसेवक और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रात-रात भर जाग कर उत्तरप्रदेश को जाने वाले मुरैना के विभिन्न राजमार्ग पर चोकसी करते हुये चोरी-छिपे गायों को ले जा रहे ट्रकों को मय तश्करों के पुलिस की मदद से पकड़ा गया। कुछ ही दिनों में हालात ये हो गये कि एक तरफ जहां सैकड़ों की तादाद में गौशाला में लाचार, बूड़ी और अपाहिज बीमार गायों की उपस्थिति हो गई वहीं तश्करों ने अपने ऊपर लदते पुलिस मामले और हिंदू संगठनों की सजगता के कारण मुरैना के रास्ते गाय तश्करी से तौबा कर ली। अब सवाल ये खड़ा हुआ कि गौशाला में बड़ी संख्या में मोजूद लाचार,अपाहिज बीमार व बूढ़ी गायें जो दूध देने में अक्षम थीं, कि चारे-पानी की व्यवस्था कैसे की जाये? इसके लिये मुरैना शहर के गाय प्रेमी और आम श्रद्धालुओं से चंदा व पीने-चारा सामग्री इत्यादि की अपील की गई। पूरी



गौशाला कि टीम इस काम में जुट गई परिणाम भी सामने आये, शहर की कई दुकानदार ऐशोसिशनों ने गायों के खाने-पीने में भरपूर मदद की। इसी बीच शहर में आवारा घूम रहे गोवंश को भी यहां गौशाला में रखने के आदेश जिला क्लेक्टर ने दे दिये। इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारी खर्चों की नगर निगम पर भी स्थानांतरित की गई और स्थाई गौशाला के लिये गौसेवकों और गायों की उचित देखरेख के लिये बनी दानदाताओं व समाजसेवियों की कमेटी के आग्रह पर स्थाई रुप से उक्त देवरी की 10 बीघा जमीन भी गौशाला को दे दी गई जहां अभी गौशाला स्थित है। शानदार तरीके से जनमानश के सहयोग से चल रही देवरी गौशाला में दुःखद मोढ़ आज से दो वर्ष पूर्व जब आया तब कांग्रेस की प्रदेश सरकार रहते कुछ दर्जन गायें उचित ईलाज और चिकित्सकिय अभाव में मर गई बस फिर क्या था हंगामा खड़ा हो गया। चारो तरफ अफवाह और भ्रष्टाचार के नारे बुलंद हो गए। मुरैना से लेकर भोपाल तक जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। अफरा-तफरी के माहौल में खुद को बचाने के लिये गायों के ईलाज के लिये तैनात तात्कालीन डिप्टी डायरेक्टर पशु चिकित्सा डॉ एस शर्मा ने गौसेवकों सहित दानदाता व शहर के ख्याति प्राप्त समाजसेवियों की पूरी गौशाला कमेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी। इससे मामला और बिगड़ गया और पूरा शहर अधिकारी व सरकार के खिलाफ उठ खड़ा हुआ। बहरहाल डा़ शर्मा ने भारी दबाव के कारण एफआईआर तो वापिस ले ली मगर वे गऊओं के प्रति समर्पित दानदाताओं और समाजसेवियों का विश्वास खो चुके थे। अब सैकड़ों गायों की अकाल मौत पर एक सवाल के जबाव में निगम आयुक्त संदीप जैन ने चारा-भूसा की कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर बाजार से सहयोग नहीं मिला तो हालात और बदतर हो सकते हैं। हालांकि वे ये कहकर अपनी जिम्मेदारी से भागने का प्रयास ही कर रहे हैं? क्योंकि सवाल उठता है कि बाजार के सहयोग के लिये बाजार के पास जायेगा कोन? पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद से ही समाजसेवी और दानदाता अभी तक भयभीत हैं और वे गौशाला जाने तक के नाम से सिहर जाते हैं। यहां ये भी उल्लेखनीय है कि गायों के लिये गुड़, भूसा, पीना, नमक, हरा चारा का इंतजाम काफी हद तक ये समाजसेवी दानदाता खुद और अपने प्रयासों से करते थे व अपने-अपने कारोबार में से समय निकाल कर नियमित अपने सामने गायों को भरपेट चारा खिलवाते थे। यदि आज सैकड़ों गाय अकाल मौत मर रही हैं तो यह प्रशासन के दोगलेपन का ही परिणाम है कि खुद भ्रष्टाचार में डूब कर कुछ करना नहीं और घटना घट गई तो सच्चे गौसेवकों के ही खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज। यदि वास्तव में निगम आयुक्त श्री जैन सैकड़ों गायों की अकाल और असमय मौत को रोकना चाहते हैं तो स्वयं प्रयास करें और दानदाताओं व समाजसेवियों से मिलकर उनको आसस्वत करें कि गायों की सेवा करने पर उन्हे किसी प्रकार के कानूनी मामलातों का सामना नहीं करना पड़ेगा और वे गऊ सेवा के महत्व को खुद भी समझें और दानदाताओं को समझायें कि-

**जब भी हो अंतिम समय, करिये गैया दान हमको ये समझा रहे,अपने वेद पुराण।**

## तिल, गुड का दान कर मना मकर संक्रांति का पर्व

**मुरैना।** दान पुण्य व पर्व लेने के लिए मनाए जाने वाला त्यौहार मकर संक्रांति पर्व शुक्रवार को लोगों ने घरों व मंदिर पर पूजा अर्चना कर तिल, गुड का दान कर मनाया। शुक्रवार की सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। साल भर में सूर्य सभी राशियों में भ्रमण करता है और मकर संक्रांति के दिन सूर्य दूसरी राशियों से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है इसके चलते इसे मकर संक्रांति कहते हैं। मकर संक्रांति पर इस बार दो तिथियों को लेकर लोग उलझन में हैं। हालांकि संक्रांति तब शुरू होती है जब सूर्य देव राशि परिवर्तन कर मकर राशि में पहुंचते हैं. इस बार सूर्य देव ने 14 जनवरी गुरूवार की दोपहर 2 बजकर 27 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश किया। ज्योतिषाचार्य के अनुसार सूर्य अस्त से पहले यदि मकर राशि में सूर्य प्रवेश करेंगे, तो उसी दिन पुण्यकाल रहता है। इसमें 16 घटी पहले और 16 घटी बाद का पुण्यकाल विशेष महत्व रखता है। इसी के साथ ही खरमास समाप्त हो गया और शुक्रवार से शुभ कार्यों सहित विवाह मुहूर्त भी शुरू हो गए। मकर संक्रांति के दिन हिन्दू सनातन धर्म के लोग प्रातः स्नान कर दान पुण्य करते हैं। इस मान्यता के अनुसार शनिवार की सुबह शहर भर के सभी मंदिरों पर पूजा पाठ का विशेष प्रबंध किया गया। इसके अलावा लोगों द्वारा कई स्थानों पर हवन पूजन व दान देने का इंतजाम भी किया गया। इस अवसर पर शहर के कई लोगों ने मंदिरों पर पहुंचकर



गरीबों को भोजन भी कराया। गुरूवार की शाम से ही शुक्रवार की सुबह तक गजक की दुकानों पर खासी भीड़ देखी गई। रामचरित्र मानस में भी संक्रांति पर्व का विशेष महत्व बताया गया। इस दिन स्नान से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्त होता है। प्राचीन परम्परा के अनुसार मकर संक्रांति के दिन नदी में स्नान तथा दान देने का विशेष महत्व है।

ऐसी मान्यता है कि जो लोग मकर संक्रांति पर दान करते

## स्काउट गाइड के छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन के तरीके



**मुरैना।** 11 एनडीआरएफ बनारस और एसडीआरएफ मुरैना की टीम द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुरैना में आग लगना, भूकंप आने पर घर में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना, घटनाओं का मॉकड्रिल किया गया, जिसमें भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना के रोवर्स ने भाग लिया और उन्होंने सीखा कि किस प्रकार आपदा प्रबंधन के समय यह एनडीआरएफ कार्य करता है। भूकंप आने पर पॉलिटेक्निक की छत से नीचे रस्सी की सहायता से लाया गया है, किस प्रकार वहां के रहने वाले व्यक्तियों को नीचे उतारा जाता है और इसके साथ ही आग में फंसे हुए व्यक्तियों को दरवाजा काटकर, दीवाल को काटकर किस प्रकार से उनको बाहर सुरक्षित निकाला जाता है, यह सब एनडीआरएफ की टीम द्वारा बताया गया और इसमें स्काउट गाइड के छात्रों ने सहभागिता की तथा प्रैक्टिकल में भी भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व एएसओसी वीर सिंह यादव और जिला सचिव डॉ राकेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने पर कमांड ऑफिसर स्वराज कमल ने भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ मुरैना को सहयोग के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में 35 रोवर ने सहभागिता की।

## शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन 25 जनवरी को, करेंगे उपवास

### उसी दिन गठित होगी संघर्ष समिति और आगे की रणनीति का होगा ऐलान

**कैलारस।** शक्कर कारखाने को बचाने के लिए आंदोलन की नई रणनीति तैयार की गई है। इस संबंध में विभिन्न राजनीतिक धाराओं के प्रतिनिधियों की एक परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें कारखाने को बचाने के लिए सभी पहलुओं पर विचार विमर्श हुआ। कारखाने के संपूर्ण प्लांट को कबाड़े में मात्र 2 करोड़ 79 लाख रुपए की ऑफसेट कीमत पर विक्रय की विज्ञप्ति सरकारी संपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा निकाली गई है। यह कारखाने की संपत्ति की लूट है। जब कोऑपरेटिव कारखाने को सरकार की



तरफ से कोई मदद नहीं दी जा सकती है, तो उसे बिक्री का भी राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। उक्त राशि से न तो कर्मचारियों का भुगतान हो सकता है और न ही किसानों को भुगतान दिया जा सकता है। ऐसी दशा में कारखाने को बेचकर समाप्त करने की सरकार की मंशा पर सवालिया निशान खड़े किए गए हैं। कारखाने के प्लांट को कबाड़े में बेचने के बाद जमीन को हडपने की नीति लागू की जा रही है। इसका सभी ने मिलकर पुरजोर विरोध किया है। विरोध के क्रम में गणतंत्र दिवस के पूर्व 25 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक कारखाने के सामने सभी राजनीतिक दलों संगठनों की ओर से उपवास कार्यक्रम कर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की जाएगी और कारखाने को बचाने के आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। उसी दिन मीटिंग करके संघर्ष समिति का गठन होगा और आगे की रणनीति का घोषणा की जाएगी। यह निश्चय चर्चा में किया गया है। जिसमें विधायक महेश दत्त मिश्र, मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाहा, माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज उपाध्याय, प्रदेश महासचिव बृजमोहन मरैया, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नेतागण व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## आवासहीन परिवारों के लिए आवास लेने का अंतिम मौका

**मुरैना।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत शहर के ऐसे परिवार जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है, ऐसे परिवार के लिए आवास प्राप्त करने का एक और अवसर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। शहर के जितने भी आवासहीन परिवार है, वह आवास प्राप्त करने के लिए जीवाजी गंज स्थित आवास शाखा में अपना आवास प्राप्त करने हेतु



आवेदन कर सकते है। सरकार द्वारा आवास योजना सबको आवास 2022 तक संचालित की जानी थी। शहर के जो भी परिवार आवास लेना चाहते हैं, ऐसे आवासहीन आवेदन योजना शाखा से आवेदन प्राप्त कर अपने स्वयं का आवास लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं। सरकार द्वारा यह अंतिम मौका शहर के नागरिकों को दिया जा रहा है।

## पंचायत चुनाव स्थगित, सरपंचों को यथावत करने की मांग, किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**मुरैना।** सरपंच एकता कल्याण संघ जिला मुरैना के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को तमाम सरपंचों ने जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया एवं मुरैना पहुंचे कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन देकर कहा कि पंचायत चुनाव निरस्त होने के बाद मध्य प्रदेश में प्रधानों को पुनः यथावत किया जाए, जिससे ग्राम का विकास हो सके।



श्री शर्मा ने कृषि मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा कि 4 दिसंबर 2021 को मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना एवं चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से संपूर्ण मध्यप्रदेश में ग्राम विकास कार्य रुक गए हैं एवं बहुत से सारे कार्य ओंगोइंग होने से प्रारंभ हुए थे, इसलिए उक्त कार्यों की संपूर्ण राशि का अभी तक आहरण नहीं हुआ है। उक्त कार्यों को लेकर प्रधान/ सचिव असमंजस की स्थिति में है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कुछ कर्मचारियों और सचिवों के स्थानांतरण होने से अवरोध पैदा हुआ था। कुछ तकनीकी कारणों से डीएससी रोक दी गई, जिससे ग्राम पंचायत में अब तक विकास कार्य रुका हुआ है एवं मार्च 2021 से मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सभी पंचायतों के प्रधानों द्वारा कोरोना पर बचाव अभियान में लगने से या कार्य करने से विकास कार्य अवरुद्ध हुए एवं निर्माण कार्य ज्यादातर पूर्ण हो चुके हैं तथा कुछ निर्माण कार्य चल रहे।

## नन्दन फलोद्यान से 60 से अधिक किसानों को इस वर्ष 4 गुना हुआ मुनाफा

**मुरैना।** मुरैना जिले की जौरा जनपद पंचायत की कई ग्राम पंचायतों के 60 से अधिक किसानों को इस साल नन्दन फलोधान से 4 गुना मुनाफा हुआ है। इससे किसानों के जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक बदलव आया है।

जिन किसानों के जीवन में आर्थिक सामाजिक बदलव आया है, उसका श्रेय जिला कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह को जाता है। इन दोंनो अधिकारियों ने प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली टीएल बैठक में जनपद वार हॉर्टीकल्चर विभाग को ऐसे किसान चिन्हांकित करने के निर्देश दिये, जो सरसों, गेहूं को छोड़कर अधिक आय एवं मुनाफा वाली फल आधारित फसल करने के लिये तैयार है। इस निर्देश के बाद जनपद पंचायतों के सीईओ ने मनरेगा योजना से नंदन फलोद्यान से लाभ पहुंचाने के लिये किसानों को प्रेरित करना शुरू किया।



आज 11 माह बाद जनपद पंचायत जौरा के अंतर्गत आने वाली नितेहरा पंचायत के किसान मुकेश पुत्र नेतराम के चेहरे पर खुशी देखने को मिलती है। इसके लिए वे मध्यप्रदेश सरकार को बारंबार धन्यवाद देते हैं। एक साल पहले जौरा जनपद के नितेहरा पंचायत के किसान मुकेश के द्वारा सरसो,बाजरा की फसल की जाती थी इनका कहना है कि सरसों की फसल हम किसान साल में एक बार कर पाते थे, इसमें मेहनत ज्यादा लगती थी, लेकिन जब हमें नंदन फलोधन की योजना का पता चला और हमने इसके तहत अपने खेत में मौसम्मी, अमरूद, नींबू की फसल की वो भी साल में 2 बार, तो हमें 4 गुना ज्यादा मुनाफा हुआ। यानी हमारी खेती मुनाफा का धंधा बन गई। इन किसानों को देखते हुए अन्य किसान भी अब जनपद में आकर इस योजना का लाभ उठाने की बारे में चर्चा करने लगे हैं। इससे न केवल निटेहरा के किसानों का जीवन स्तर ऊपर उठा है बल्कि आर्थिक, सामाजिक सम्पन्नता भी आई। किसान मुकेश ने एक एकड़ में कुल 255 पौधे लगाए हैं, जिनमें से 230 अमरूद के है, 20 मौसंबी, 5 नीबू के हैं। मुकेश से प्रभावित होकर कल्यान पुत्र नेतराम, कैलाश पुत्र लायक सिंह, धर्मेंद्र पुत्र अमर सिंह, देवेंद्र सिंह ने भी नंदन फलोधान योजना का लाभ लेने का मन बनाकर काम शुरू कर दिया है। इसी प्रकार जौरा के नरेला, मुंद्राबजा, बागचीनी, हड़वासी आदि पंचायतों के किसानों ने भी नंदन फलोधान योजना का लाभ लिया है।

## वार्ता फिर विफल

पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले शेष इलाकों से गतिरोध खत्म करने के लिए बुधवार को भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच 14वें दौर की वार्ता भी चीन के हठ के चलते बेनतीजा रही। वार्ता में भारत की तरफ से हॉट स्प्रिंग, डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की पूर्ण वापसी पर जोर दिया गया, मगर चीन अपना ही राग अलापने में लगा रहा। इस बातचीत में भारत ने इस बात पर जोर दिया था कि विवाद को खत्म करने के लिए ऐसे समाधान निकाले जाएं जिससे द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। दरअसल, फैक्ट ये है कि चीन सीमा कानून और अनसुलझे एलएसी के अपने हिस्से में तेजी से सैन्य और तकनीकी अपग्रेडेशन के साथ 3,488 किमी लाइन को %नियंत्रण रेखा' में बदल रहा है। भारतीय और चीनी सेनाएं मई 2020 से सीमा विवाद में उलझी हुई हैं। चीन ने एकतरफा प्रयास करते हुए सीमा पर स्थिति बदलने का प्रयास किया। वहीं, अब सीमा पर तनाव को देखते हुए दोनों पक्षों ने सीमा पर मिसाइल, रॉकेट, आर्टिलरी और टैंक रेजिमेंट के साथ हर तरफ सैनिकों के तीन से अधिक डिवीजनों की तैनाती है। इसके अलावा वायुसेना को भी स्टैंडबाय के तौर पर रखा गया है। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि देपसांग समेत टकराव के सभी बिंदुओं पर लंबित मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच संबंधों के समग्र सुधार के लिए जरूरी है। दरअसल, जब तक कैलाश रेंज पर भारतीय जवानों का कब्जा रहा, चीन दबा रहा। वार्ता के दौरान चीन ने कई इलाकों में अपनी फौज पीछे हटाने के एवज में भारत से कैलाश रेंज खाली करने की मांग रखी। जब कैलाश रेंज खाली हो गया तो चीन फिर से अपने रंग में लौट गया। अब भारत के सामने चीन को देपसांग इलाके में पीछे धकेलने की चुनौती फिर से मुंह बाए खड़ी है। देपसांग क्षेत्र में कई जगहों पर भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने हैं। वार्ताओं में सहमति के बावजूद चीनी सेना भारतीय सैनिकों को पिछले साल से ही अपने पारंपरिक पेट्रोलिंग पाइंट पीपी-10, 11, 11ए, 12 और 13 के साथ-साथ देमचोक क्षेत्र सेक्टर में %ट्रैक जंक्शन' चार्डिंग निंगलुंग नाला (सीएनएन) तक जाने नहीं दे रही है। चीनी सैनिकों ने इन इलाकों के रास्ते रोक रखे हैं। भारत चाहता है कि देपसांग पठार में उसे गश्त के पुराने अधिकार मिलें, जहां चीनी सैनिक अभी उसे पीपी 10 से 13 तक जाने नहीं दे रहे। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि देपसांग समेत टकराव के सभी बिंदुओं पर लंबित मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच संबंधों के समग्र सुधार के लिए जरूरी है। माना जा रहा है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता के 14वें चरण में देपसांग में तनाव कम करने पर जोर देते हुए अपना रुख पुरजोर तरीके से रखा था। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के मद्देनजर भारत ने स्पष्ट कह दिया है कि चीन अगर अपने सैनिकों को वापस लौटने को नहीं कहता है, तो उसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा। अगर चीन भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बरकरार रखना चाहता है, तो उसे सीमा पर तनाव खत्म करना ही होगा। इससे साफ है कि भारत सरकार ने मन बना लिया है कि अगर चीन के रुख में बदलाव नहीं आता है, तो वह कड़े कदम भी उठाने को तैयार है। अब तक दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, पर गलवान, पैंगोग त्सो, गोगरा और देपसांग इलाकों से चीनी सैनिक वापस नहीं गए हैं। गलवान में शुरुआती संघर्ष और फिर सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के बाद चीनी सेना कुछ पीछे जरूर लौटी थी, पर वह अपनी चौकियों में नहीं गई। वह फिंगर आठ तक आगे बढ़ आई, जो भारतीय सेना की निगरानी में आता है।

# भारत में पशु कल्याण पखवाड़ा

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था, ÷एक राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अंदाजा उसके जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार से लगाया जा सकता है। पशु कल्याण पखवाड़ा हर साल 14 जनवरी से 30 जनवरी तक मनाया जाता है ताकि नागरिक समाज में सभी जानवरों के जीवन को सम्मान, दया और करुणा के साथ व्यवहार करने के लिए जागरूकता पैदा की जा सके।

जानवरों के अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में आंदोलन का इतिहास तीसरी शताब्दी का है जब अशोक ने अपने राज्य में किसी भी जानवर की हत्या पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिया था।

सभ्यता के प्रारंभ से ही जानवरों ने मनुष्य के कल्याण के लिए बहुत योगदान दिया है। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह अपने लालच के लिए जानवरों का दुरुपयोग और शोषण न करे। वर्तमान समय में भी, यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम मनुष्य जानवरों के साथ सह-अस्तित्व करना सीखें और यह देखना हमारा नैतिक कर्तव्य है कि जानवरों के साथ मानवीय और करुणा के साथ व्यवहार किया जाए। जागरूकता अभियानों और मानव शिक्षा प्रदान करने के माध्यम से जानवरों के प्रति क्रूरता को रोकने की अवधारणा को काफी हद तक पूरा किया जाएगा।

लेकिन आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में, बुनियादी नैतिकता और लोकाचार पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और अधिक और आसान पैसा कमाने के लिए चूहे की दौड़ में जानवर लक्ष्य बन जाते हैं। उनका शोषण किया जाता है क्योंकि वे मूकदर्शक हैं और इन क्रूरताओं के खिलाफ आवाज उठाने में असमर्थ हैं।

जानवरों के प्रति क्रूरता के खतरे को रोकने के लिए (या इरादा) केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न कानून शुरू किए गए हैं, लेकिन पशु क्रूरता की रोकथाम से संबंधित मुख्य कानून पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम, 1960 और वन्यजीव संरक्षण हैं। अधिनियम, 1972। पूर्व अधिनियम के तहत, पुलिस के पास एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार करने की सभी शक्तियां हैं जो एक अवैध गतिविधि में शामिल पाया जाता है या यहां तक कि जानवरों के खिलाफ क्रूरता में भी शामिल है। अधिनियम एक प्रावधान भी प्रदान करता है जिसमें सीआरपीसी की धारा 43 के प्रावधानों के तहत एक निजी व्यक्ति। ऐसे किसी भी कार्य में शामिल ऐसे व्यक्ति को हिरासत में ले सकता है या हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। जानवरों के प्रति क्रूरता का अर्थ है जानवरों के साथ दुर्व्यवहार जो किसी भी लाभ के लिए मनुष्यों द्वारा जानबूझकर जानवरों पर किया जाता है।

जानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम, 1960% का विश्लेषण।

धारा 11 (ए) से (ओ) में जानवरों के प्रति क्रूरता के विभिन्न रूपों की गणना की गई है।

कानून जानवरों के प्रति अनावश्यक क्रूरता को सख्ती से प्रतिबंधित करता है और जानवरों के परिवहन के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करता है।

बेघर जानवरों को मारना गैरकानूनी है।

कानून जानवरों के साथ क्रूरता से व्यवहार करने पर सख्ती से रोक लगाता है और उन तरीकों को भी निर्धारित करता है जिनसे किसी जानवर का शोषण या दुर्व्यवहार किया जा सकता है, जैसे कि पीटना, लात मारना, सवारी करना या यातना देना जिससे उसे अनावश्यक रूप से दर्द होता है, या किसी जानवर को अनुचित तरीके से जंजीर में बांधकर रखना। अवधि और सभी, इन कृत्यों के परिणामस्वरूप 10 से 50 रुपये तक का जुर्माना और बाद के अपराध के लिए 25 से 100 रुपये का जुर्माना या तीन महीने के कारावास सहित सजा होगी।

**6 अधिकार भारत के हर पशु प्रेमी को पता होने चाहिए**

अगर आप आवारा जानवरों के लिए काम करना पसंद करते हैं, तो आपको किसी भी तरह के उत्पीड़न से खुद को बचाने के लिए इन कानूनों को जानना चाहिए! भारत में, आवारा जानवरों को खिलाने या उनकी देखभाल करने वाले पशु प्रेमियों को अविश्वसनीय घृणा का सामना करना पड़ता है क्योंकि आवारा



जानवरों को एक खतरे के रूप में देखा जाता है। लोग यह समझने में असफल हो जाते हैं कि आवाजहीन जानवर जीवित प्राणी हैं जो इंसानों के समान ही दर्द और उदासी महसूस करते हैं, और कुछ मामलों में, इससे भी ज्यादा। हालाँकि, भारत के संविधान द्वारा बेजुबानों और इन जानवरों के कल्याण की दिशा में काम करने वालों के पक्ष में कुछ नियम रखे गए हैं। भारत में पशु क्रूरता की बढ़ती मात्रा के साथ, एक पशु प्रेमी को इन नियमों के बारे में पता होना चाहिए- दिल्ली हाई कोर्ट का कहना है कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो लोगों को आवारा जानवरों को खाना खिलाने से रोकता हो।

वास्तव में, आवारा पशुओं को खिलाना वैध और सहायक दोनों है क्योंकि इससे उन्हें एक विशेष क्षेत्र तक सीमित रखना आसान हो जाता है जिससे वे संबंधित हैं। यह कुशल जन्म नियंत्रण और वार्षिक टीकाकरण की सुविधा प्रदान करता है। आवारा पशुओं को जहरीला खाना खिलाना अपराध है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने वाले व्यक्ति पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत आरोप लगाया जा सकता है, जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर पूरे भारत में फैला हुआ है। किसी भी जानवर को अपंग करना या कोई चोट पहुंचाना गैरकानूनी है। भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 और जानवरों के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत किसी भी जानवर को अपंग करना या चोट पहुंचाना अवैध है। सड़कों पर कुत्तों, बिल्लियों और गायों को जानबूझकर घायल करना वाहनों के लिए भी अवैध है। एक व्यक्ति जो इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाता है, उसकी सूचना स्थानीय पशु संरक्षण समूह और पुलिस को दी जा सकती है। उपरोक्त धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

उपरोक्त सभी कृत्यों के लिए सजा कम से कम रुपये का जुर्माना है। 2000 और/या पांच साल तक की जेल की सजा।4। किसी भी कीटाणुरहित कुत्तों को उनके क्षेत्र से स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है, भारत सरकार, पशु जन्म नियंत्रण नियम 2001 के तहत, किसी भी निष्फल कुत्तों को उनके क्षेत्र से स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। उच्च न्यायालय के पांच अलग-अलग आदेशों के अनुसार, निष्फल कुत्तों को अपने मूल क्षेत्रों में रहना होगा। यदि कुत्ते की नसबंदी नहीं की जाती है, तो समाज पशु कल्याण संगठन से कुत्ते की नसबंदी और टीकाकरण करने के लिए कह सकता है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड उन लोगों के लिए आईडी जारी करता है जो आवारा जानवरों को खाना खिलाते हैं। ये आईडी उन लोगों की मदद करते हैं जो आवारा जानवरों को अपमानजनक जानवरों से नफरत करने वालों से बचाना चाहते हैं। बोर्ड एनिमल वेलफेयर पखवाड़ा भी आयोजित करता है, जिस पर उतना ध्यान नहीं जाता, जितना चाहिए। इन नियमों का कार्यान्वयन काफी हद तक गैर सरकारी संगठनों पर निर्भर करता है। आवारा कुत्तों को जानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों के तहत संरक्षित किया जाता है, विशेष रूप से, पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001; भारतीय दंड संहिता, संविधान की धारा 428 और 429 और अनुच्छेद 51ए (जी)। इतने व्यापक कानूनों के बावजूद लोग बिना दण्ड के मुक्त हो जाते हैं क्योंकि उन्हें न्याय के कटघरे में लाना एक कठिन कार्य है। हम अपने दैनिक जीवन में सड़कों पर अतिभारित गधों, बैलगाड़ियों का सामना करते हैं। लेकिन हमने स्वेच्छा से इस नज़ारे को नज़रअंदाज़ करने और चुप रहने का विकल्प चुना, मुख्यतः क्योंकि हम पशु क्रूरता पर कानूनों से अवगत नहीं हैं और दूसरी बात यह है कि मनुष्य जानवरों को वस्तुओं और मशीनों के रूप में मानते हैं।

## मिथ्या और वास्तविक अहंकार

मिथ्या अहंकार का अर्थ है, इस शरीर को आत्मा मानना। जब कोई यह जान जाता है कि वह शरीर नहीं, अपितु आत्मा है तो वह वास्तविक अहंकार को प्राप्त होता है। अहंकार तो रहता ही है। मिथ्या अहंकार की भर्त्सना की जाती है, वास्तविक अहंकार की नहीं। वैदिक साहित्य में कहा गया है अहं ब्रह्मास्मि- मैं ब्रह्म हूं, मैं आत्मा हूं। 'मै हं' ही आत्म भाव है और यह आत्म साक्षात्कार की मुक्त अवस्था में भी पाया जाता है। 'मै हं' का भाव ही अहंकार है लेकिन जब ' मै हं' भाव को मिथ्या शरीर के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह मिथ्या अहंकार होता है। जब इस आत्म भाव (स्वरूप) को वास्तविकता के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह वास्तविक अहंकार होता है। ऐसे कुछ दार्शनिक हैं जो यह कहते हैं कि हमें अपना अहंकार त्यागना चाहिए। लेकिन हम अपने अहंकार को त्यागे कैसे? क्योंकि अहंकार का अर्थ है स्वरूप। लेकिन हमें मिथ्या देहात्मबुद्धि का त्याग करना ही होगा। जन्म, मृत्यु, जरा तथा व्याधि को स्वीकार करने के कष्ट को समझना चाहिए। वैदिक ग्रन्थों में जन्म के अनेक वृत्तान्त है। श्रीमद्भागवत में जन्म से पूर्व की स्थिति, माता के गर्भ में बालक के निवास, उसके कष्ट आदि का सजीव वर्णन है। चूंकि हम भूल जाते हैं कि माता के गर्भ में हमें कितना कष्ट मिला है, अतएवं हम जन्म तथा मृत्यु की पुनरावृत्ति का कोई हल नहीं निकाल पाते। इसी प्रकार मृत्यु के समय भी सभी प्रकार के कष्ट मिलते हैं, जिनका उल्लेख प्रामाणिक शास्त्र में हुआ है। इनकी विवेचना की जानी चाहिए। जहां तक रोग तथा वृद्धावस्था का प्रश्न है, सबको इनका व्यावहारिक अनुभव है।

## हिन्दी, और रोजगार

**विवेक रंजन श्रीवास्तव 'विनम्र**

हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है, पर प्रश्न है कि क्या सचमुच ही हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा बन पाई है ? इस यक्ष प्रश्न को अनुत्तरित छोड देने में विगत पीढी के उन राजनेताओं की बहुत बडी गलती है, जिसके अनुसार हमारी संसद ने यह विधेयक पारित कर दिया कि जब तक देश का एक भी राज्य हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार करने में अपनी तैयारी या अन्य कारणो से असमर्थता व्यक्त करें, तब तक हिंदी को अनिवार्य नहीं किया जावेगा। यही कारण है कि क्षेत्रवाद, भाषाई राजनीति, पक्ष, विपक्ष के चलते कानूनी रूप से हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा के रूप में आजादी के वर्षों बाद भी स्थापित नहीं हो पाई। लोकतंत्र में कानून से उपर जन भावनायें होती है, विगत कुछ दशकों में बाजारवाद विश्व पर हावी हुआ है आज का युवावर्ग इसी बाजारवाद से प्रभावित है, जहां आजादी के दिनों में उत्सर्ग, देश के लिये समर्पण और त्याग की भावनायें युवाओं को आकृष्ट कर रही थी, वहीं वर्तमान समय में स्वंय की आर्थिक उन्नति, बढती आबादी के दबाव के बीच गलाकाट प्रतिस्पर्धा में येन केन प्रकारेण आगे निकलने की होड में युवा सतत व्यस्त है। आज कार्पोरेट जगत में युवा शक्ति का साम्राज्य है . विभिन्न कंपनियो के शीर्ष पदो पर अधिकांशतः युवा ही पदारूढ़ हैं . बाजार वैश्विक हो चला है .

अंग्रेजी वैश्विक संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है, अतः आज युवावर्ग ने मातृभाषा हिन्दी की अपेक्षा अंग्रेजी को प्राथमिकता देते हुये अपनी अभिव्यक्ति व संपर्क का माध्यम बनाया है, त्रिभाषा फार्मूले के शीर्ष पर अंग्रेजी स्थापित होती दिख रही है। आंकडो में देखे तो हिन्दी का विस्तार हो रहा है, नई पत्र पत्रिकायें, किताबें, हिन्दी बोलने वालो की संख्या, विश्वविद्यालयों में हिन्दी पाठ्यक्रम , सब कुछ बढ रहा है। पर वास्तविकता से परिचित होने की जरूरत है, जर्मन रेडियो डायचेवेली ने हिन्दी प्रसारण बंद कर दिया है। बीबीसी ने हिन्दी के रेडियो प्रसारण बन्द कर दिए हैं । हिंदी पुस्तको के प्रथम संस्करणों में 100 से 200 प्रतियां ही छप रही है। हिंदी लेखकों को कोई उल्लेखनीय रायल्टी नहीं मिल रही है। हिंदीं 'हिन्गलिश' बन रही है। मोबाईल पर एस.एम.एस हो या नेटवर्किंग साइट पर युवा वर्ग की चैटिंग, रेडियो जाकी की एफ.एम. रेडियो पर उद्घोषणायें हो या टीवी के युवाओ में लोकप्रिय कार्यक्रम, शुद्ध हिंदी मिलना दुष्कर है.गांव गांव तक हमारी फिल्मो व फिल्मी गीतो का युवा वर्ग पर विशेष प्रभाव है , अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी शीर्षक की फिल्में , उनके डायलाग तथा हिन्दी व्याकरण को ठेंगा बताती शब्दावली के फिल्मी गीत अपनी तेज संगीत वाली धुनो के कारण युवाओ में लोकप्रिय हैं . आशा की किरण यही है कि यह सब जो कुछ भी है देवनागरी में है , सकारात्मक ढ़ंग से देखें तो इस तरह भी हिन्दी देश को जोड़ रही है, तथा विश्व में हिन्दी को स्थान भी दिला रही हैं .कार्पोरेट जगत के एम बी ए पढ़े लिखे युवा भले ही अंग्रेजी में गिटर पिटर करें या कार्पोरेट जगत का आंतरिक पत्र व्यवहार , प्रगति प्रतिवेदन आदि भले ही अंग्रेजी में हो पर जब वे अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग करते हैं तो उन्हें विज्ञापनो में हिन्दी का ही सहारा लेना पड़ता है , यह और बात है कि यह हिन्दी भी विशुद्ध न होकर जन बोलौ ही होती है.

हिंदी कविताओं की पुस्तके छपती है, पर वे विजिटिंग कार्ड की तरह बांटी जाने को विवश है, एवं लेखकीय आत्ममुग्धता से अधिक नहीं है। युगांतकारी रचना धार्मिता का युवा हिन्दी लेखको, कवियो में अभाव दिख रहा है। देश की आजादी के समय मिशन स्कूल, पब्लिक स्कूल एवं कावेंट स्कूलो के पास जो संस्थागत ताकत शिक्षण के क्षेत्र में थी, उसका हिंदी के विपरीत समाज पर स्पष्ट दुष्प्रभाव अब परिलक्षित हो रहा है । शिक्षा, रोजगार का साधन बनी, व्यक्ति की संस्कारों या सच्चे ज्ञान की वाहक अपेक्षाकृत कम रह गयी . रोजगार तथा बच्चो के सुखद आर्थिक भविष्य के दृष्टिकोण से स्वंय हिन्दी के समर्थक पालको ने भी अपने बच्चो को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने में ही भलाई समझी इसके परिणाम स्वरूप आज की अंग्रेजी माध्यम से पढी पीढी सत्रह, इकतीस या उननचास नहीं समझ पाती, उसे सेवेनटीन, थर्टीवन और फोर्टीनाइन बतलाना पडता है , यह पीढ़ी अंग्रेजी में सोचकर भले ही हिंदी में लिख ले पर वह हिन्दी के संस्कारो से जुड़ नही पाई है .किंतु सब कुछ निराशाजनक ही नहीं है, एटीएम मशीन हो, या कम्पयूटर के साफ्टवेयर अंग्रेजी के साथ हिंदी के विकल्प भी अब सुलभ है।

# (चुनावी महा संग्राम 2022 ) सोशलमीडिया किस दल में कितना दम ?

**सूडोकु नवताल- 5953**

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5952 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**प्रभुनाथ शुक्ला**

पांच राज्यों में राज्य विधानसभा चुनाव घोषित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदान और मतगणना की तारीख भी सुनिश्चित कर दिया है। चुनाव बेहद नाजुक दौर में हो रहा है। जब पूरी दुनिया महामारी की चपेट में है उस स्थित में चुनाव करना कितना जायज है यह भी अपने आप में सवाल है। आम चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और जनता का अधिकार भी। दुनिया के किसी भी देश के लिए सत्ता और सरकार चुनने का यह माध्यम सबसे निष्पक्ष और पारदर्शी है। लेकिन कोविड-19 के दौर में लोगों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना होगा। चुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ख्याल रखा है।

चुनाव आयोग ने पंजाब, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और राजनीतिक लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के नए नियम बनाए हैं। जिसमें 15 जनवरी तक कोई भी राजनीतिक दल रोड शो, रैली नहीं कर सकता है। यहां तक कि नुक्कड़ सभा और पदयात्रा पर भी रोक होगी। सिर्फ डोर-टू-डोर मिलने की अनुमति दी गई है। ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अत्यधिक बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर से ही वोटिंग करने का फैसला लिया गया है। लेकिन इस हालात में लोकतंत्र की मूल भावना कहीं ना कहीं से प्रभावित होगी। क्योंकि जनसभाओं के माध्यम से जो बात जनता तक पहुंचती है वह वर्चुवल मंच के जरिए संभव नहीं है। यह बात सच है कि देश में शिक्षा और संचार क्रांति की वजह से वर्चुवल दुनिया ने नया आयाम लिया है। कोविड काल में यह मंच सबसे सुरक्षित और प्रभावशाली साबित हुआ है। राजनीतिक दल बदले माहौल में इसका कितना अधिक उपयोग कर सकते हैं यह देखना होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तकरीबन 25 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 18 करोड़ से अधिक लोग अपना वोट डालेंगे। तकरीबन 10 करोड़ पुरुष और 8 करोड़ 50 लाख महिला मतदाता होंगी। 690 पोलिंग बूथों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 50 हजार से अधिक केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। पंजाब में 117, गोवा में 40 मणिपुर में 60 और उत्तराखंड में 70 सीटों पर मतदान होगा। जबकि उत्तर प्रदेश में 403 सीटों के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। 1620 महिला पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। संक्रमण को देखते हुए एक पोलिंग बूथ पर सिर्फ 1250 मतदाता अपने वोट डाल पांएगे।

हालांकि जिन परिवारों ने दूसरी लहर का सामना किया है और अपने किसी प्रिय परिजन को खोया है ऐसे परिवार किसी भी कीमत में संक्रमण का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। ऐसे हालात में चुनाव आयोग को ऑनलाइन वोटिंग पर भी विचार करना चाहिए। जब वर्चुवल सभाएं हो सकती हैं तो ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती। महामारी की स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग को इस पर बहुत पहले से ही निर्णय लेना चाहिए था। लोकतंत्र के उत्सव का महानायक मतदाता है, उसकी जान को जोखिम में डालकर चुनाव संपन्न कराना कितना जायज है। इसका जवाब राजनीतिक दल और आयोग ही दे सकता है। लेकिन इसका प्रभाव वोटिंग पर साफ दिख सकता है। मतदान में गिरावट आ सकती है।

प्रचार माध्यम में जहां तक वर्चुअल मंच की बात है उसमें भारतीय जनता पार्टी सबसे नंबर वन है। भाजपा का आईटी सेल बहुत ही मजबूत और जमीनी स्तर पर काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और और कार्यकर्ता सोशलमीडिया मंच पर सक्रिय रहते हैं। फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम पर पार्टी के लाखों लाख फॉलोअर्स हैं। भाजपा के बाद समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी अधिक सक्रिय हैं। सपा में सिर्फ अखिलेश यादव खुद ही वर्चुअल मंच पर सक्रिय दिखते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भाजपा ने डेढ़ लाख पन्ना और बूथ प्रमुखों को व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ रखा है। पार्टी ने 2016 में ही हर उस उम्मीदवार के लिए शर्त रखी थी कि जो भी पार्टी का टिकट चाहेगा सोशल मीडिया पर उसके लिए 25 हजार फॉलोअर्स होने चाहिए। भाजपा की केंद्रीय इकाई से एक करोड़ 73 लाख लोग वर्चुवल प्लेटफार्म से जुड़े हैं। एक करोड़ 58 लाख फेसबुक पर 42 लाख इंस्टाग्राम और 40 लाख यूट्यूब पर हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में 49 लाख से अधिक लोग फेसबुक पर हैं। 78 लोग इंस्टाग्राम पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास 1 करोड़ 68 लाख फॉलोअर्स हैं। उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के पास 22 लाख और केशव प्रसाद मौर्य से 33 लाख लोग जुड़े हैं।

## मकर संक्रांति खगोलीय पर्व भी

**डॉ राघवेंद्र शर्मा**

यूं तो भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। यह भी सच है कि प्रत्येक त्यौहार अथवा पर्व का अपना पौराणिक और प्राकृतिक महत्व होता है। खासकर भारतीय त्योहार धर्म के साथ-साथ प्रकृति से भी जुड़े रहते हैं। उन्हीं में से एक त्यौहार है मकर संक्रांति का। मकर संक्रांति के पौराणिक महत्व तो कायम हैं ही, साथ में यह खगोलीय घटना पर आधारित भी माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से गौर करें तो मकर संक्रांति ऋतु परिवर्तन का केंद्र बिंदु है। अतः इसे खगोलीय पर्व भी कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए केवल इतना समझना पर्याप्त है कि मकर संक्रांति सूर्य की गति और दशा से अधिकतम प्रभावित रहता है। यह तो सभी जानते हैं कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य देवता अपनी गति में परिवर्तन करते हैं। इस त्यौहार से पहले तक उनकी गति दक्षिण की ओर रहती है। लेकिन मकर संक्रांति के दिन उनका झुकाव उत्तर की ओर हो जाता है। अतः इस परिवर्तन को सूर्य का उत्तरायण होना कहा जाता है। यह त्योहार ऋतु में परिवर्तन का साक्षी भी है। गौर करें तो हम पाएंगे कि मकर संक्रांति के दिन से मौसम में परिवर्तन होने लगता है। जो दिन ठंड से सिकुड़ रहे होते हैं उनमें गर्माहट आने लगती है। यही नहीं, रात्रि का घटना और दिन का बढ़ना भी मकर संक्रांति से जोड़कर देखा जाता है। दिन अर्थात उजाला तथा रात का मतलब अंधकार। लिखने का आशय यह कि मकर संक्रांति के दिन से अंधकार घटने लगता है और उजाले में बढ़ोतरी होने लगती है। मकर संक्रांति का पर्व केवल भारत में ही नहीं यह पूरे विश्व में हर उस जगह पर मनाया जाता है जहां पर भारतीय निवास करते हैं। पौराणिक महत्व की बात करें तो यह दिन सूर्य और शनि के मिलन का भी है। सूर्यनारायण इस दिन धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। अतः उन्हें अपने पुत्र शनि के घर जाना होता है। क्योंकि मकर राशि के गुरु शनि देव ही हैं। अवधारणा यह भी है कि सूर्य और शनि पिता पुत्र होने के बावजूद उन के बीच स्थाई शत्रुता कायम है। लेकिन इन दोनों का मिलन सूर्य की किरणों को भी समूची प्रकृति के लिए अनुकूलता प्रदान करता है। यह स्पष्ट कर दें कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य की किरणें मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभदायक हो जाती हैं। इसका दूसरा पौराणिक महत्व यह भी है कि मकर संक्रांति के दिन ही गंगा शिव जी की जटाओं में से होती हुई भागीरथ जी का अनुसरण करते हुए गंगासागर से जा मिली थीं। यह पर्वइतना पावन है कि इस दिन देह त्यागने वालों को जन्म जन्मांतर के चक्रों से मुक्ति मिल जाती है।

# फसल को नष्ट देख किसान को पहुंचा सदमा, खेत की मेड़ पर हो गई मौत



भिण्ड। दबोह क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुरा में एक किसान अपनी ने फसल पर हुई ओलावृष्टि से फसल को बर्बाद देख अपना दम तो? दिया।ग्राम जगदीश पुरा में सेबाराम दोहरे उम्र 49 वर्ष की गुरूवार को ह्रदयगति रुक जाने से मौत हो गई है।यहां बता दे कि अभी हाल ही मैं पाँच दिवस पूर्व उनकी माता जी का भी निधन हो गया था।ओलाबृष्टि होनें से किसान सेवाराम की सरसों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी।वह बहुत गरीव व्यक्ति थे जबसे ओलाबृष्टि हुई तभी से वह बहुत चिंतित एवं दुःखी थे सेवाराम के एक पुत्र व एक पुत्री है एवं उनके पास केवल 2.5 बीघा जमीन है उसे भी वह कर्ज लेकर जोतते थे।वह मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करते थे।परिवारजनों के अनुसार किसान सेवाराम दोहरे पुत्र भोगीराम दोहरे निवासी जगदीशपुरा गुरुवार की सुबह करीब के 7-8 बजे अपने खेत पर फसल देखने पहुंचे थे।यहां उनके ढाई बीघा खेत में खड़ी सरसों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी।बर्बादी का मंजर देखने के दौरान ही सेवाराम दोहरे बेहोश होकर जमीन पर गिर गए।ऐसे में आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग बेहोशी की हालत में घर ले गए,बाद में चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।यहां बता दें कि पिछले दिनों दबोह तथा उसके आसपास ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी जिसमे जगदीशपुर में फसलों की भारी तबाही हुई थी।जिसका मुआयना करने भिण्ड कलेक्टर व एसडीएम मौके पर पहुंचे थे और जल्द से जल्द नष्ट फसल का मुआवजा दिलाने की बात कही थी परंतु अब तक किसानों को मुआवजा नही मिल सका।फिलहाल तो इतनी बड़ी घटना होने के बाद अब तक उनके पास कोई बजी वरिष्ठ प्रशासनिक आला अधिकारी नही पहुंचे हैं।

कर्ज व बेटे की शादी को लेकर था परेशान

मृतक किसान सेवाराम दौहरे एसबीआई के कृषक क्रेडिट कार्ड से लिए ऋण के अलावा बिजली बिल चुकाने के अलावा बेटे की शादी को लेकर चिंताग्रस्त था।जिसके चलते वह आये दिन परेशान रहते थे।और फिर ऐसे में ही क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि व बारिश की वजह से उनकी 2.5 बीघा फसल चौपट हो गई जिसका सदमा वह बर्दाश्त नही कर सके।मृतक किसान सेवाराम ने चार साल पूर्व अपनी बेटी का विवा करने के लिए एसबीआई से केसीसी पर 50 हजार रुपए ऋ्रण लिया था।लगातार तीन साल से फसल बिगड़ने के कारण वह ऋ्रण चुकता नहीं कर पाया।लिहाजा केसीसी ऋ्रण राशि बढ़कर 76 हजार हो गई।इतना ही नहीं बिजली बिल के रूप में भी उस पर करीब 20 हजार रुपए का बकाया बताया जा रहा है।

### कुछ दिन पहले खेतो में थी हरी भरी फसल,जब देखा तो हो गई नष्ट

यहाँ बता दे कि कृषक सेवाराम की 68 वर्षीय मां कल्लो देवी का 08 जनवरी की शाम देहांत हो गया था, जबकि ओलावृष्टि 09 जनवरी की देर शाम हो गई।ऐसे में अंतिम संस्कार एवं फेरा करने के लिए घर पर आने-जाने वालों से मिलने के चलते सेवाराम अपने खेतों का नुकसान देखने भी नहीं पहुंच पाया।गुरुवार की सुबह सेवाराम वक्त निकालकर अपने ढाई बीघा खेत पर पहुंचा जहां एक हफ्ते पूर्व वह सरसों की लहलहाती फसल छोड़कर आया था।वहां अपनी 2.5 बीघा की नष्ट हुई फसल देख उसकी ह्रदयगति रुक गई जिसकी वजह से किसान की मौत हो गई।

### किसान की मौत के बाद नही पहुँचे प्रशासनिक अधिकारी

गुरुवार को किसम सेवाराम की मौत के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनके परिवार के बीच नही पहुंचा।जबकि जिस दिन ओलावृष्टि से फसल चौपट हुई थी तब भिण्ड कलेक्टर समेत एसडीएम व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और नष्ट हुई फसल का जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात भी कही थी।

## भाजपा, कांग्रेस के एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने थामा आप पार्टी का दामन



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक दर्जन कार्यकार्ताओ तथा पदाधिकारियों ने आज भाजपा, काग्रेस से मोह भंग कर आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।जिसमे दबोह भाजपा के कार्यालय मंत्री व आलमपुर मंडल से सोशल मीडिया प्रभारी प्रमुख हैं। तो वही काग्रेस के भी कई कार्यकर्ता भी शामिल है। आज बरथरा में आप पार्टी के सम्भागीय संगठन मंत्री तथा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पारस गुर्जर ने दोनों दलों से आये सदस्यों को आप पार्टी की सदस्यता दी लाई। भाजपा से दबोह मंडल से कार्यालय मंत्री राजा यादव, आलमपुर मंडल से सोशल मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह कौरव शामिल हैं। तो वही अन्य सदस्यों में रोहित कौरव, मुकेश कौरव, लालता कौरव, बलबीर अहिबार त्रिलोक अहिरबार, फिरोज खान, उमेश सिंह, रामेंद्र कौरव, नरेंद्र सविता, मोहर सिंह कुशबाह, श्यामू परिहार,अर्जुन परिहार आदि ने आज अपने अपने दल से नाता तोड़ लिया है। यहां बताना मुनासिब होगा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्षो से होती आ रही हैं। जिसके चलते आज कार्यकर्ताओ का सब्र आज टूट गया और उन्होंने पार्टी को तिलांजलि दे दी। यदि प्रदेश नेतृत्व अब भी अपनी आँखें,कान बन्द करे रहा तो आने बाले समय मे भाजपा से ओर भी कार्यकर्ता जा सकते है।

### इनका कहना है

1- भाजपा की नीतियां किसान विरोधी हैं। हम एक किसान के बेटे है इएलिये हमने पार्टी छोड़ी है।

**भूपेंद्र सिंह कौरव**
**सोशल मीडिया प्रभारी मंडल आलमपुर**

2. भाजपा में कार्यकर्ताओं की निरंतर उपेक्षा की जा रही है। हमने तीन दिन पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया था ।

**राजा यादव**
**कार्यालय मंत्री मंडल दबोह**

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पार्षद की माताजी का निधन



मौ। मौ नगर परिषद के पूर्व पार्षद गोबिंद सिंह यादव खैरटिया की माताजी स्व. श्रीमति वादामी देवी पत्नी सूरज सिंह यादव का गत दिवस 12 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया हैं।उनके निधन पर वार्ड वासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया करने वाले लोगों में रणवीर सिंह, वी के यादव, पंचम सिंह, राजू यादव, कान्हा यादव आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### किशोरी घर से हुई गायब, परिजनों न थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

भिण्ड। मौ थाना क्षेत्र के ग्राम मेवाती का पुरा में एक किशोरी घर से अचानक गायब हो गई, जिसकी खोज परिजनों ने खाफी खोजबीन की जिसके बाद भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी निवासी मेवाती का पुरा जो 11 जनवरी दोपहर 3 बजे घर पर काम कर रही थी, इसी दौरान गायब हो गई, परिजनों ने थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### स्वर्गीय वैद्य जनमेजन शर्मा की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

भिण्ड। वैद्य जनमेजय शर्मा की पुण्यतिथि अवसर पर कुण्डेश्वर महादेव मन्दिर शहर कोतवाली के सामने इटावा रोड भिण्ड पर रविवार 16 जनवरी 2022 प्रातः 10:00 से 2:00 तक विशाल निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर आयोजक सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में मधुमेह ,उच्च रक्तचाप आदि का निशुल्क परीक्षण कराया जाएगा। शिविर में मरीजों को निःशुल्क औषधियां भी वितरित की जाएगी । शिविर में जुकाम, खांसी, बुखार, श्वांस, मलेरिया, पीलिया, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आमवात, बवासीर, उदर रोग, चर्म रोग, हृदय रोग, अनिद्रा एवं स्त्री रोग श्वेत एवं रक्त प्रदर, पुरुषों में धातु क्षय एवं नपुंसकता के मरीजों का परीक्षण कर के उन्हें निःशुल्क औषधियां भी प्रदान की गई। इस कोरोना काल में आयुर्वेद ही ऐसा उपाय है जिससे हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं और इस वायरस से बचाव रख सकते हैं ।डब्ल्यूएचओ ने भी माना है की आयुर्वेदिक का सेवन करने से कोई साइड इफेक्ट नहीं अपितु अनेक रोगों में लाभ मिलता । डॉ शर्मा ने सभी जनों से अपील की आप सभी 16 जनवरी 2022 को प्रातः 10:00 से 2:00 तक इस निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में भाग लें और अपनी बीमारी के अनुसार चिकित्सा प्राप्त करें।

### अवैध शराब की बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। सुरपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोषण सुरपुरा रोड क्यारीपुरा के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की बिक्री की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार किशन पुत्र छोटेसिंह भदौरिया निवासी क्यारीपुरा ने बताया गुरुवार शाम 6.30 बजे एक युवक क्षेत्र के क्यारीपुरा के पास कोषण सुरपुरा रोड पर अवैध शराब की बिक्री करते हुए 12 क्वार्टर देशी मदिरा तथा 6 क्वार्टर मसाला पुलिस ने दबोचकर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।


### अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, घायल

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के कल्याण मैरिज गार्डन के सामने एक युवक बाइक से जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार उपेन्द्र शर्मा पुत्र रामकिशन शर्मा निवासी ग्राम चरथर ने बताया विगत 4 जनवरी शाम 6.30 बजे बाइक क्रमांक एमपी30एमक्यू8011 से जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और इलाज कराने के बाद थाने में अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी।

### सट्टा लगाते हुए वृद्ध गिरफ्तार

भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के माता मंदिर के पास भवानीपुरा में एक वृद्ध सट्टा लगा रहा था, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से सट्टे की पर्ची सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रम्मू उर्फ रामू बाल्मीक पुत्र स्व. जौहरी बाल्मीक निवासी भवानीपुरा जो गुरुवार रात 9.25 बजे सट्टे की पर्ची लिख रहा था सूचना मिलते ही हिरासत में लिया।

# क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक सम्पन्न



भिण्ड। जिले में पिछले एक हफ्ते में कोविड मरीजों की संख्या 76 हो चुकी है। हर रोज नए मरीज मिल रहे है। ऐसे में सोशल डिस्टेसिंग और मास्क का पालन शहर में नहीं हो रहा है। जबकि क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठकों में कोविड नियमों का पालन कराए जाने पर प्रशासनिक अफसरों की सहमति बनती है। फिर भी कोविड नियम ताक पर रखे हुए है। भिंड शहर दिनों-दिन कोविड मरीजों का हॉट-स्पॉट बनता जा रहा है। अब तक जिले में मिलने वाले मरीजों में सबसे अधिक पॉजिटिव मरीज भिंड शहर में है। यहां की हर कॉलोनी ओर मोहल्ले में एक्टिव केस हो चुके हे। धीरे-धीरे शहर हॉट-स्पॉट में बदलता जा रहा है। इधर शहर की सड़कों पर नजर डाले तो कही पर भी कोविड नियम दिखाई नहीं दे रहे है। छोटे से लेकर बड़े दुकान पर सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं हो रहा है। ना ही भिंड शहर में लोगों के चेहरे पर मास्क लगना शुरू किया जा सका।

### रोको-टोको तक शुरू नहीं हो सका

भिंड शहर अब तक रोको-टोको अभियान शुरू नहीं हो सका है। शहर का गोला मार्केट हो या पुस्तक बाजार, बाताश बाजार, परेड चौराहा, बस स्टैंड समेत सभी जगह लोग बिना मास्क के सफर कर रहे है। ऐसी स्थिति शहर के ऑटो-ई-रिक्शा चालकों की बनी है। वे, वाहन को सेनेटाइज किए बगैर दौड़ा रहे है। ऐसे में सर्दी, जुखाम से पीड़ित मरीज भी सफर करते है। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

### हॉस्पिटल में लापरवाही

भिंड का जिला अस्तपाल में भी लोग बिना मास्क के दिखाई दे रहे है। यहां पर भी कोविड नियम का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि कोविड वार्ड यहां है और मरीज भी भर्ती है।इसके अलावा कोविड संक्रमण के संदिग्ध मरीज दिन भर अस्पताल में आकर जांच कराकर जा रहे है। फिर भी लापरवाही बरती जा रही है।

### सर्तकता बरती जा रही है

जिले में कोविड से बचाव को लेकर निर्देशित किया गया है। जिन क्षेत्रों में संक्रमित मरीज हो रहे है उन क्षेत्रों में सेनेटाइजर कराया जा रहा है। पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

**डॉ सतीश कुमार एस, कलेक्टर, भिंड**

## मकर संक्राति पर पतंग बनाकर दी बधाई



भिण्ड। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव का मकर राशि में गोचर होता है। सूर्य देव की गति उत्तरायण होती है। जिसे दान व स्नान के लिए बेहद शुभ माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन कुछ कामों को करना शुभ माना जाता है। जबकि कुछ कामों की मनाही होती है। इस दिन घर पर ही पानी में काले तिल, हल्का गुड़ और गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। मकर संक्रांति के दिन वाणी पर संयम बरतें। इस दिन किसी भी तरह का नशा नहीं करना चाहिए। इस दिन कोई गरीब या भिखारी आपके घर आए तो उसे अपनी सामर्थ अनुसार जरूर दान करें। मकर संक्रांति के दिन सूर्योदय व सूर्यास्त के समय पूजा-पाठ करें।

### क्षमतानुसार दान करना चाहिए।

इसी अवसर पर आज मकर संक्रांति के दिन शासकीय एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिण्ड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं अश्विनी श्रीवास द्वारा अपने हाथों से पतंगें बनाई गई जिस पर रासेयो परिवार की ओर से सबको बधाई दी गयी।

## आर सी एल कंपनी द्वारा बनाई जा रही सड़क किनारे उखड़ गए

मौ। मो नगर परिषद सेवड़ा रोड से मौ भिंड मार्ग पर आर सी एल कंपनी द्वारा आरसीसी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जो कि हल्की गुणवत्ता इसमें आपको असमंजस पैदा होगा मामला कंपनी द्वारा बनाई जा रही सड़क जो कस्बे के बस इस्तेंड से होती हुई बन रही है जिसमें मटेरियल की क्वालिटीहल्की एवं सड़क के किनारे जो आवागमन के कारण फूट रहेह वहीं इस सड़क निर्माण के कारण उन्हें बस स्टैंड पर आए दिन जाम लगता रहता है लोगों को बहुत अधिक परेशानी हो रही साथ ही जो गिट्टी रेता के बाहर निकल रहे हैं वह आप देख सकते हैं आए दिन सड़क धंसने से जाम जैसी स्थिति हो रही है लेकिन किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है साथ ही दुकानदारों लोगों को भी हर बार परेशान किया जा रहा है कहीं सामान उठाओ पहले बिजली कंपनी द्वारा पोल को लगाने पर दुकानदार भाइयों को परेशान किया गया फिर दूसरी ओर नाला निर्माण को लेकर दुकानदार लोगों को परेशान किए का तीसरे नंबर पर अब आर सी एल कंपनी द्वारा द्वारा बनाई जा रही सड़क निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर दुकानदार भाइयों को टीन सेट काउंटर आदि को

# आत्म निर्भर बने महिलाएं : संध्या राय



भिण्ड। सामाजिक संस्था चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा हद करवा हस्तशिल्प खादी ग्राम उद्योग विभाग भिंड द्वारा चयनित अनुसूचित जाति की महिलाओं को सिलाई बुनाई प्रशिक्षण ग्राम दमोह में चलाया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि भिंड दतिया लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्रीमती संध्या राय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सीमा सिंह भदोरिया बाल कल्याण समिति करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार हेतु समिति की ओर से सिलाई मशीन 10 प्रशिक्षित महिलाओं को प्रदान की गई जिससे कि कार्य की महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी होकर अपने परिवार का भरण पोषण कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील दुबे ने संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी वहीं कार्यक्रम का संचालन देवकांत बरुआ द्वारा किया गया उसमें जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एम जौहर ने योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी और कार्यक्रम में उपस्थिति नीरज तोमर अंकित दुबे जितेंद्र यादव राम श्याम भदौरिया मनजीत साथ सतीश शर्मा सासाराम शर्मा अश्विनी सिंह भदोरिया आदि लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन आभार योगेश यादव ने किया सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनों ने संस्था की गतिविधियों को सराहा और उन्होंने आश्वासन दिया कि हम संस्था के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सुनील तिवारी प्रदेश महामंत्री, योगेश शुक्ला प्रदेश मंत्री, अजीत शर्मा प्रदेश मंत्री मनोनीत



मेहगांव। मेहगांव ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पं राकेश शर्मा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पं अमित दांतरे कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष पं राघवेंद्र शर्मा द्वारा सुनील तिवारी को प्रदेश महामंत्री योगेश शुक्ला को प्रदेश मंत्री एवं अजीत तिवारी को प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर प्रदेश एवं क्षेत्र के सभी पत्रकार एवं ब्राह्मण बंधुओं ने बधाईयाँ दी है। समाज के प्रति उनकी निष्ठा एवं लगन को देखते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश शर्मा की सहमति से सुनील तिवारी योगेश शुक्ला अजीत शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जनपद में मिला धन कुबेर, लोकयुक्त में मामला दर्ज होने के बाद भी विभाग ने नही की कोई कार्यवाही

गोहद जनपद पंचायत गोहद के भृष्टाचार के चर्चा जग जाहिर है। पंचायतो में हो रही धांधली की खबरे रोज समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद भी विभाग के आला अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती जिस कारण भृष्टाचार करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है ओर भृष्ट अधिकारी अवैध रूप से धन उगाही करते हुए धन कुबेर बनते जा रहे है। ऐसा ही एक धन कुबेर गोहद जनपद पंचायत में पदस्थ है। जिस पर लोकायुक्त द्वारा आय से अधिक सम्पति का प्रकरण दर्ज किया है। दिलचस्प बात यह है कि लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज होने के बाद भी किसी भी आला अधिकारी द्वारा इस धन कुबेर पर कोई कार्यवाही नही गई। ज्ञात हो कि थाना विशेष पुलिस स्थापना ग्वालियर द्वारा उप यंत्री आशुतोष श्रीवास्तव व उनकी पत्नी के खिलाफ अप.क्र. 245/21 धारा- 13 (1) बी. 13 (2) म0नि0अधि0 1988(संशो.2018) अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त 2014 में एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जाँच निरीक्षक शैलेन्द्र गोविल, निरीक्षक अतुल सिंह, निरीक्षक पी के चतुर्वेदी एब निरीक्षक राघवेंद्र ऋषीश्वर द्वारा की गई। शिकायत में उल्लेख किया गया कि आशुतोष श्रीवास्तव उपयंत्री आर ई. एस. गोहद जिला भिण्ड के द्वारा भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति एकत्रित की गई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि गुना में ट्रासपोर्ट नगर में पत्नी के नाम से कॉलोनी गुना में पत्नी के नाम से प्लॉट, उज्जैन में पत्नी के नाम से प्लॉट, ग्वालियर में बिरला हॉस्पीटल के पास प्लॉट, 4-5 किलो सोने के जेवर, दुकाने, श्रीराम फायनेस में लाखों रू. का निवेश, मुरार पोस्ट ऑफिस में काफी रुपये जमा जिसकी किताबें करीब 400/ के लगभग, अपने साले राजकुमार उर्फ राम के नाम से खरीदी गई कार, अपनी बेटी की शादी में 20 लाख



रूपये खर्च करना, अपने पुत्र रजत के नाम से गाड़ी मोटर साईकिल खरीदना व गोविन्दपुरी थाटीपुर में फ्लैट क्रय करना बताया है जिसकी जाच की गई, जाच के दौरान अनावेदक के आय व्यय की जानकारी ली। गई, तो पाया गया कि अनावेदक आशुतोष एवं अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव श्रीवास्तव ने स्वयं एवं के नाम से दिनांक 06.05.2004 को एक प्लॉट क्र. 13 मेहरा महलगाव सिरोल में ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर से खरीदा है। दिनांक 08.04.2004 को अनावेदक आशुतोष श्रीवास्तव ने स्वयं एवं अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव के से एक प्लॉट क्र. 15 मेहरा महलगांव सिरोल आवासीय योजना में ग्वालियर विकास प्राधिकरण से क्रय किया तथा एक प्लॉट भूमि सर्वेक क्र. 1021 का भाग स्थिति नगर मुरार परगना व जिला ग्वालियर नगर निगम वार्ड क्र. 24 में दिनांक 14.06.2004 को प्लॉट अनावेदक आशुतोष श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता श्रीवास्वत के नाम से एक दिनांक 15.10.1999 को कस्बा गुना पटवारी हल्का नं. 75 तहसील व जिला गुना की नगर पालिका सीमा में व स्थित जैन कॉलोनी गुना में सर्वे क. 867 में से खरीदा, इसी सर्वे न. में से एक प्लॉट अनावेदक आशुतोष श्रीवास्तव ने दिनांक 30.09.2000 को अपने स्वयं के नाम से खरीदा। दिनाक 29.03.2009 को अनावेदक आशुतोष श्रीवास्तव ने अपने स्वयं एवं अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव के नाम से एक प्लॉट भूखण्ड क्र. 86 विनय नगर हामूबेडी देवास रोड़ उज्जैन में खरीदा तथा श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने अपनी नाम का एक प्लॉट क्र. बी-14 ग्राम शंकरपुर परगना व जिला ग्वालियर सर्वे क्र. 545 का भाग है, जिसे दिनांक 28.05.1995 को क्रय किया था, उसकी दिनांक 12.03.2011 को बिक्री की। जिस पर लोकायुक्त द्वारा आय से अधिक सम्पति का प्रकरण दर्ज किया है मगर इस धन कुबेर पर आज दिनाक द्वारा वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई इससे भृष्टाचार करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के हौसले बुलंद हो रहे है



## भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब आगमन के दौरान उनकी सुरक्षा में लापरवाही एवं चूक करने वाले दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वरिष्ठ अभिभाषक विनोद दीक्षित के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिषद में महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की द्यभाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में पंजाब की कांग्रेस की चन्नी सरकार द्वारा जानबूझकर सोनिया गांधी राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस के नेताओं के सारे पर खिलवाड़ किया गया है जो कि लोकतंत्र के विरुद्ध है प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है जिसकी सुरक्षा का जिम्मा राज्य सरकार को किया जाता है और उनकी सुरक्षा में मुख्यमंत्री चन्नी ने जानबूझकर इस प्रकार का घिनौना कृत्य किया है ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाना ही उचित होगा जो देश की सुरक्षा में कानून व्यवस्था के नाम पर खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई जो पंजाब की जनता की क्या सुरक्षा कर पाएंगे ज्ञापन देने वालों में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमाकांत मिश्रा एडवोकेट पूर्व जिला संयोजक महेश सिंह नरवरिया एडवोकेट सुभाष गुप्ता एडवोकेट भरत राम शर्मा एडवोकेट नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट रविंद्र मुद्गल एडवोकेट अजीत सिंह भदौरिया एडवोकेट अधिवक्ता गण शामिल थे द्य

## वन-टू-वन

### दतिया आज शनिवार के दिन मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा निज निवास पहुंचकर कार्यकर्ता एवं आम जनता से की मुलाकात और मकर संक्राति की ढेर सारी शुभकामनाएं



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे** और मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गृह मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर दी ढेर सारी शुभकामनाएं और गृह मंत्री ने कहा की तीसरी लहर को देखते हुए सभी जिला वासियों से और प्रदेशवासियों से मेरी अपील है की मार्क्स लगाएं और हर एक व्यक्ति जो बिना मार्क्स के मिले उसको मार्क्स के लिए अपील अवश्य करें यही कामनाओं के साथ

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोति में स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम मनाया गया



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** भोति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम मनाया गया जिसके तहत विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं पूर्व छात्रों की गोष्ठी हुई अत. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कार्यकर्ता भोति नगर के अन्य विद्यालयों में जाकर इस कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह से मनाया गया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोति के प्राचार्य विवेक जी भक्तों ने विद्यालय में अमृत महोत्सव के महत्व को समझाते हुए यह बताया कि यह स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ है इसलिए है कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मना ए जा रहे हैं अतः विविक भट्ट प्राचार्य जी ने यह बताया की हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई इसलिए उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता समाज में जागृति आए और हम देश हित में समाज हित में जितना अधिक काम हो सके कार्य कर सकें इस उद्देश्य को लेकर सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के प्राचार्य विवेक भट्ट ने कार्यक्रम को संबोधित किया साथ ही अधिक से अधिक तादाद में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## कलेक्टर ने किया पिछोर व खनियाधाना के ओलावृष्टि प्रभावित गांव का औचक निरीक्षण

### देर शाम तक क्षेत्र में घूमकर लिया जायजा और टीम को जल्द सर्वे पूरा करने के दिए निर्देश

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** 14 जनवरी 2022 ओलावृष्टि के कारण जिले के कोलारस, बदरवास, पिछोर और खनियाधाना क्षेत्र में कई गांव में किसानों की फसल खराब हुई है। किसानों को उनकी फसल क्षति का मुआवजा दिलाया जा सके। उसके लिए टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। गत दिवस कलेक्टर श्री सिंह पिछोर, खनियाधाना क्षेत्र में भी भ्रमण के लिए निकले और कई गांव में फसल क्षति का जायजा लिया। वहां ग्रामीणों से भी चर्चा की और बताया कि फसल सर्वे के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं। पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विभाग की टीम मौका मुआयना कर सर्वे कर रही है। उन्होंने



रन्नौद के ग्राम डगपीपरी, खनियाधाना में गांव सिनावल खुर्द, वाचरोन, बामोरकला और भौंती के गांव केडर का निरीक्षण किया। मौके पर पटवारी से गिरदावरी और सारा ऐप की जानकारी ली। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार और सर्वे कार्य में लगी पूरी टीम को जल्दी सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसानों को मुआवजा दिलाया जा सके। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह देर शाम तक क्षेत्र में घूमे और खेतों का निरीक्षण किया। अन्य मुद्दों पर भी उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और समस्याए सुनी।

## संतों की अमृतवाणी से समाज को नई दिशा मिलती है - सांसद संध्या राय



*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिंड शहर में आयोजित पंच कल्याण महोत्सव के तहत कीर्ति स्तंभ परिषद पहुंचकर जैन मुनि राज वसंत सागर को एक नमोस्तु करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया जिन्होंने पुणे भरपूर आशीर्वाद देकर जन सेवा के लिए संकल्पित कराया द्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने इस अवसर पर कहा कि संतो की अमृतवाणी से समाज को अध्यात्मिक रूपी से नई दिशा मिलती है हम सबको उनके संत भगवान रूपी होते हैं जब है अपने श्री हद मुखारविंद से हम सब को मार्गदर्शन करते हैं तो वास्तव में उनके विचारों का अनुसरण हम सब को करना चाहिए ताकि हम अपने अध्यात्मिक की ओर आगे बढ़े द्य भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय का जैन समाज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया द्य



## महिला कांग्रेस ने हनुमान चालीसा का पाठ लड़की हु लड़ सकती हूं प्रोग्राम का शुभारंभ किया'

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** 14 जनवरी 2022 को मकर सक्रांति के अवसर पर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रेखा भदोरिया के नेतृत्व में लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान के तहत वार्ड 25 में कार्यक्रम रखा ।इस अभियान के साथ हनुमान चालीसा का पाठ, भजन ,पुजन,तिल गुढ प्रसाद वितरण,हल्दी कुमकुम ,पतंग उड़ा कर आयोजन की शुरुआत कर प्रदेश से कोरोना बीमारी को समाप्त करने के लिए भगवान से प्राथना की , नए वर्ष में सभी प्रदेश वासी स्वस्थ रहें ऐसी कामना के साथ आयोजन कर , महीलाओं को कानूनी जानकारीयो से भी अवगत कराया , महीलाओं को अपने अधिकारो से अवगत कराया , जूडो कराटे प्रशिक्षण भी दिया गया। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी को अवगत कराया। *लड़की हूं लड़ सकती हूं।

## झारखंड से काम के बहाने लड़कियां लाकर शिवपुरी में बेचा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर कोतवाली से है जहाँ झारखंड राज्य के जमशेदपुर डिस्ट्रिक्ट के कुरावर थाना के ग्राम लखिया पाठक के वनवासी कल्याण आश्रम से लापता हुई पांच युवतियों में से तीन को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इन युवतियों को काम के बहाने लाकर बेच दिया गया था। मामले को लेकर आश्रम के कार्यकर्ता गुरूचरण मुंडा ने 30 दिसंबर को कोतवाली थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले में पांच आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है।

गुरूचरण द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और मामले की जांच में जुट गई। टीआई सुनील खेमरिया ने बताया कि जांच के लिए एसआई चेतन शर्मा व दीपक पलिया को झारखंड भेजा गया। स्थानीय थाने में पांच लड़कियों के संबंध में केस दर्ज था। भरसूला थाना एसआई कृष्णपालसिंह पवैया के नेतृत्व में झारखंड की टीम शिवपुरी आई। शिवपुरी कोतवाली टीम ने एसआई चेतन शर्मा, दीपक पलिया, प्रधार आरक्षक ऊदल, पुष्पेंद्र व अजीत ने लड़कियों को ढूंढना शुरू कर दिया। इस दौरान झारखंड पुलिस के साथ शिवपुरी पुलिस ने दबिश देकर सबसे पहले झारखंड के तस्कर बलेश्वर मुंडा को गिरफ्तार कर लिया फिर शिवपुरी शहर के बड़ौदी में रहने




वाले मंटू गोस्वामी पुत्र स्व. जगनी गोस्वामी निवासी बडौदी, पप्पू पुत्र बाबू परिहार निवासी ग्राम गोंदा को दबोच लिया। तीनों की निशानदेही पर एक-एक कर तीनों लड़कियां बरामद कर ली गई। मंटू गोस्वामी लड़कियों का फर्जी पिता बना जबकि पप्पू परिहार व कमरसिंह परिहार ने फर्जी भाई बन गए। इन तीनों न मिलकर लड़कियों कोबेच दिया। मंटू और पप्पू परिहार गिरफ्तार हो चुके हैं लेकिन कमरसिंह अभी फरार है। शिवपुरी पुलिस ने झारखंड पुलिस की मदद से बड़ौदी निवासी कमरसिंह परिहार के यहां दबिश दी लेकिन वह पहले ही गायब हो गया। कमरसिंह परिहार खुद को लड़कियों का भाई बताकर सादा करता था। वहीं रोजगार दिलाने के नाम पर लड़कियों की तस्करी कर शिवपुरी में बेचने वाले झारखंड के राजू की भी पुलिस तलाश कर रही है।

# भिण्ड जिले में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल को देख किसान की मौत

### पहले फसल नष्ट फिर सदमे में चली गई किसान की जान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** भिण्ड जिले के दबोह क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुरा में एक किसान अपनी ने फसल पर हुई ओलावृष्टि से फसल को बर्बाद देख अपना दम तोड़ दिया।ग्राम जगदीश पुरा में सेबाराम दोहरे उम्र 49 वर्ष की गुरूवार को हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई है।यहां बता दे कि अभी हाल ही मैं पाँच दिवस पूर्व उनकी माता जी का भी निधन हो गया था।ओलाबृष्टि होनें से किसान सेवाराम की सरसों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी।वह बहुत गरीव व्यक्ति थे जबसे ओलाबृष्टि हुई तभी से वह बहुत चिंतित एवं दुःखी थे सेवाराम के एक पुत्र व एक पुत्री है एवं उनके पास केवल 2.5 बीघा जमीन है उसे भी वह कर्ज लेकर जोतते थे।वह मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करते थे।परिवारजनों के अनुसार किसान सेवाराम




दोहरे पुत्र भोगीराम दोहरे निवासी जगदीशपुरा गुरुवार की सुबह करीब के 7-8 बजे अपने खेत पर फसल देखने पहुंचे थे।यहां उनके ढाई बीघा खेत में खड़ी सरसों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी।बर्बादी का मंजर देखने के दौरान ही सेवाराम दोहरे बेहोश होकर जमीन पर



गिर गए।ऐसे में आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग बेहोशी की हालत में घर ले गए,बाद में चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।यहां बता दें कि पिछले दिनों दबोह तथा उसके आसपास ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी जिसमे जगदीशपुर में फसलों की भारी तबाही हुई थी।जिसका मुआयना करने भिण्ड कलेक्टर व एसडीएम मौके पर पहुंचे थे और जल्द से जल्द नष्ट फसल का मुआवजा दिलाने की बात कही थी परंतु अब तक किसानों को मुआवजा नही मिल सका।फिलहाल तो इतनी बड़ी घटना होने के बाद अब तक उनके पास कोई बजी वरिष्ठ प्रशासनिक आला अधिकारी नही पहुंचे हैं।

**कर्ज व बेटे की शादी को लेकर था परेशानः** मृतक किसान सेवाराम दौहरे एसबीआई के कृषक क्रेडिट कार्ड से लिए ऋण के अलावा बिजली बिल चुकाने के अलावा बेटे की शादी को लेकर चिंताग्रस्त था।जिसके चलते वह आये दिन परेशान रहते थे।और फिर ऐसे में ही क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि व बारिश की वजह से उनकी 2.5 बीघा फसल चौपट हो गई जिसका सदमा वह बर्दाश्त नही कर सके।मृतक किसान सेवाराम ने चार साल पूर्व अपनी बेटी का विवा करने के लिए एसबीआई से केसीसी पर 50 हजार रुपए ऋण लिया था।लगातार तीन साल से फसल बिगड़ने के कारण वह ऋण चुकता नहीं कर पाया।लिहाजा केसीसी ऋण राशि बढ़कर 76 हजार हो गई।इतना ही नहीं बिजली बिल के रूप में भी उस पर करीब 20 हजार रुपए का बकाया बताया जा रहा है।

**कुछ दिन पहले खेतो में थी हरी भरी फसल,जब देखा तो हो गई नष्टः** यहाँ बता दे कि कृषक सेवाराम की 68 वर्षीय मां कल्लो देवी का 08 जनवरी की शाम देहांत हो गया था, जबकि ओलावृष्टि 09 जनवरी की देर शाम हो गई।ऐसे में अंतिम संस्कार एवं फेरा करने के लिए घर पर आने-जाने वालों से मिलने के चलते सेवाराम अपने खेतों का नुकसान देखने भी नहीं पहुंच पाया।गुरुवार की सुबह सेवाराम वक्त निकालकर अपने ढाई बीघा खेत पर पहुंचा जहां एक हफ्ते पूर्व वह सरसों की लहलहाती फसल छोड़कर आया था।वहां अपनी 2.5 बीघा की नष्ट हुई फसल देख उसकी हृदयगति रुक गई जिसकी वजह से किसान की मौत हो गई।

**किसान की मौत के बाद नही पहुँचे प्रशासनिक अधिकारीः** गुरुवार को किसम सेवाराम की मौत के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनके परिवार के बीच नही पहुंचा।जबकि जिस दिन ओलावृष्टि से फसल चौपट हुई थी तब भिण्ड कलेक्टर समेत एसडीएम व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और नष्ट हुई फसल का जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात भी कही थी।

**1-चाचा जी ने नष्ट हुई फसल को देखकर अपना दम तोड़ दिया,साथ ही फसल भी चौपट हो गई।अब क्या होगा।**

**कौशल किशोर(मृतक किसान का भतीजा)**

# डी. डी. नगर गेट पर पूर्व सैनिकों की फौजी टीम के द्वारा निशुल्क मास्क एवं सैनिटाइजर वितरण किये गये।





**ग्वालियर**– वार्ड क्रमांक 18 में डी.डी नगर गेट पर सभी पूर्व सैनिकों की फौजी टीम के द्वारा निशुल्क मास्क एवं सैनिटाइजर वितरण कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कोरोना की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है क्योंकि कोरोना की तीसरी लहर ने ग्वालियर में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं इसलिए जब भी घर से बाहर निकले मास्क लगाकर निकले और नियमित रूप से सैनिटाइजर या साबुन से हाथ धोए इस जागरूकता अभियान का आयोजन इंद्रपाल सिंह तोमर (फौजी) और उनकी पूरी टीम के द्वारा किया गया जिसमें अजीत सिंह तोमर अमन सिकरवार, पवन पचौरी ,दीपेंद्र गौर, मोनू तोमर, रघुराज सिंह तोमर ,संगम धाकड़, राकेश राजावत ,हरिमोहन तोमर , सुशील तोमर, रणवीर जादौन ,पूरन सिकरवार, एमडी परमार ,राधा शरण तोमर, अशोक सिकरवार, भूपेंद्र परमार ,रिंकू भदौरिया, हरिमोहन सेंगर,अरविंद जादौन ,शैलेंद्र राजावत, विनीत भदोरिया ,अविनाश परमार ,विजोन रावत, शिवम तोमर ,सोनू तोमर ,केशव सिंह, बलराम सिंह, नवीन भदोरिया उपस्थित रहे।

## भाजपा अजा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की शोक सवेदना व्यक्त






गोहद भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने गोहद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भगवासा, श्याम सिंह के पुरा, खितौली , अन्नाइच में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिराम जाटव के यहाँ एवं गोहद नगर में शोकाकुल परिवारों के बीच पहुचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं ग्राम पाली डिरमन चल रहे भागवत कथा का रस पान किया गोहद नगर के बरिष्ठ भाजपा नेता संजय झा की बच्ची के शादी कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## वन-टू-वन

### श्री बरुआ जी का ग्राम सर्वा पर हुआ भव्य स्वागत

**महेंद्र शर्मा , रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** पूर्व भाजपा गोहद मंडल अध्यक्ष श्री कमल सिंह तोमर व उनकी टीम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ जी के अपने गृह जिला भिंड



आगमन पर ग्राम पंचायत सर्वा पर भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जनों ने श्री बरुआ जी का भव्य स्वागत किया स्वागत कर्ताओं में और मंडल अध्यक्ष श्री कमल सिंह तोमर सतानंद उपाध्याय यदुनाथ सिंह भदोरिया पटोला खा सुरेश सिंह कुशवाहा विश्वनाथ सिंह तोमर आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

### मतदाता दिवसः कोविड नियमों का पालन करते हुए मनाने का निर्णय

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता दिवस को कोविड नियमों का पालन करते हुए मनाया जायेगा। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल युवा मतदाताओं को इपीक कार्ड का वितरण करेंगे। मतदान की अनिवार्यता विषय पर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र का वितरण भी किया जायेगा। राज्यपाल द्वारा मतदाता दिवस की शपथ दिलायी जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग के संदेश का वाचन किया जायेगा।

### प्रदेश में लगाएं वन और पायें कार्बन क्रेडिटःडॉ. शाह

**भोपाल।** वन मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा है कि देश की बड़ी कम्पनियाँ निर्माण और उत्खनन कार्यों के लिये भूमि का अधिग्रहण करती हैं, बदले में वनों का विकास जरूरी है। इस तरह की कम्पनियों को मध्यप्रदेश आकर वन विकास निगम के जरिये वनों के विकास में आगे आना चाहिये। वन मंत्री डॉ. शाह गुरुवार को इंदौर में वन विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ कर रहे थे।वन मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि कम्पनियों द्वारा वनों के विकास के बदले कार्बन क्रेडिट प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में विभिन्न कोयला कम्पनी ओर अंडमान निकोबार द्वीप प्रशासन से चर्चा हुई है। वन मंत्री ने कहा कि निमाड़-मालवा क्षेत्र में वनों की अधिक जरूरत है और इंदौर कॉर्पोरेट का मुख्य केन्द्र होने से वन विभाग और विभिन्न निजी कम्पनियों के बीच अधिक तालमेल बनाकर कार्य किया जायेगा। इसी मंशा से क्षेत्रीय कार्यालय प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर वन विकास निगम एम.डी. अभय पाटिल, अपर प्रबंध संचालक कैप्टन ए.के. खरे सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### संयुक्त खाता होने पर बैंक स्वतः जारी कर सकेंगे परिवार पेंशन

**भोपाल।** जिन पेंशन प्रकरणों में पीपीओ पर संयुक्त फोटो तथा परिवार पेंशनर का नाम अंकित है और संयुक्त खाता भी है ऐसे प्रकरणों में पेंशनर की मृत्यु के बाद संयुक्त दर्ज व्यक्ति के लिए बैंक स्वतः परिवार पेंशन प्रारंभ कर सकेंगे। इस आशय का आदेश संचालनालय पेंशन, भविष्यनिधि एवं बीमा संचालक द्वारा जारी किए गए है। पीपीओ पर संयुक्त फोटो व परिवार पेंशनर का नाम अंकित है परन्तु पेंशनर का संयुक्त खाता नही है जिससे पेंशनर की मृत्यु होने की दशा में परिवार पेंशन प्रारंभ करने में विलम्ब होता है।

# खैरागढ़ विधानसभा से संभावित प्रत्याशी भगवान सिंह कुशवाहा को बनाए जाने के विरोध में जनता ने किया घेराव

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**



खैरागढ़ विधानसभा से संभावित प्रत्याशी भगवान सिंह कुसवाह को बनाये जाने के विरोध में भाजपा के विधानसभा प्रभारी प्रकाश भारद्वाज को भाजपाइयों ने मण्डल अध्यक्ष का भी घेराव किया,खैरागढ़ के डांक बंगले, जमकर काटा हंगामा,भगवान सिंह कुशवाह को प्रत्याशी बनाने का किया जा रहा है विरोध।खेरागढ़ की जनता ने एक फिर परिचय दिया एकता का दल बदलू को टिकट दिये जाने पर जताई नाराजगी भाजपा प्रभारी का किया डाक बंगला के अंदर घेराव और दिखा दिया विरोध इसे कहते हैं उनका कहना है कि किसी भी जाति को टिकट दिया जाये बही लोगो ने कहा की अगर प्रत्याशी को नहीं बदला गया तो हम पार्टी को वोट नही देगे और हम ये नही कहते कि टिकट किसी भी जाति के लोगो को दे दिया जाय हमें कोई ऐतराज नहीं मगर भगवान सिंह कुशवाहा को टिकट नही क्योंकि ये जाति बाद से लेकर कई मामले मैं लिप्त है भागवान सिंह कुशवाहा भगवान भगवान सिंह कुशवाहा के विरोध में नारे लगाए वैश्य समाज, ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज और कुशवाहा समाज ने विरोध जताया अगर यह टिकट मिलती है भाजपा को वोट नहीं देंगे भगवान सिंह का पुतला फूंका डाक बंगला पर जनता क्षेत्र खेरागढ़ तहसील का उम्मीदवार चाहती है जिससे खेरागढ़ तहसील का विकास हो सके चुनाव पर सभी आश्वासन देकर चले जाते हैं खेरागढ़ में बस स्टैंड नहीं है पीने के पानी की काफी किल्लत है खेरागढ़ तहसील के ग्रामीण अंचलों ने बताया कि विधायक क्षेत्रीय होना चाहिए खेरागढ़ तहसील का तभी विकास होगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को शुद्वीकरण कर बालरूचि अनुरूप बनाने के लिए कार्यक्रम प्रारंभ




**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को शुद्वीकरण कर बालरूचि अनुरूप बनाने कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी कार्यालय प्रमुखों को कहा है कि शासन निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था एक अथवा अनेक आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्त्रश्नश्चह्ल कर इन केन्द्रों के आधारभूत ढ़ांचे का शुद्वीकरण अथवा सेवाओं का उन्नयन कर सकता है। विभाग द्वारा इस कार्यक्रम तक पहुंचने हेतु 2द्धह्लह्लश्चह्य-द्धह्लह्लश्चह्य//द्वश्च2ष्स्रद्वद्बह्य.द्द्श1.द्ब्ठ्ठ/ ड्ड2ष्ड्डस्रश्चह्लद्बश्ठ्ठस्रद्द-ह्लड्डद्बद्दह्य.ड्डह्यश्च× एवं मिस्ड काल नम्बर -8989622333 जारी किया गया है। कोई व्यक्ति/संस्था इस लिंक पर जाकर अथवा मिस्ड काल कर पंजीयन की कार्यवाही कर सकता है। (03--लिंक पर जाने पर एक पंजीयन फार्म उपलब्ध होगा। इस फार्म को भरने के उपरान्त संबंधित व्यक्ति/ संस्था को प्रदेश के सभी जिलों के आंगनवाड़ी केन्द्रों की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। व्यक्ति/ संस्था अपनी रुचि अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्र/केन्द्रों के लिए आवश्यक सहयोग हेतु चयन कर सकेंगे इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यामों से किया जाये तथा समस्त शासकीय/सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारीगण, सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, कंपनीज, एन.जी.ओ. इत्यादि से सम्पर्क किया जाकर उन्हें इस कार्य हेतु प्रेरित किया जावे।

# स्वामी विवेकानंद जी की विचारधारा पर चलें आज के युवाः दुबोलिया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने मनाई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिये । उन्होंने अपने जीवनकाल में युवाओं को जीवन पद्धति की नई दिशा देने का काम किया । यह बात जीवजी विश्वविद्यालय के विवेकानंद पार्क में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर पर्यारण विभाग के प्रोफेसर डॉ हरेन्द्र शर्मा ने कही । उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानदं समाज में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ भी लड़े और लोगों को जागरूक करते रहे । युवाओं को सदैव अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की सीख दी । इसी क्रम में मध्य प्रदेश संघठन मंत्री केशव दुबोलिया जी ने बताया



कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए । युवा वर्ग देश की तस्वीर और तकदीर बदलने में सक्षम हैं जरूरत है युवाओं को अपनी ताकत पहचानने की । प्रो मनोज शर्मा ने कहा स्वामी विवेकानंद की 159 वीं जयंती हम मना रहे हैं । उनके विचार वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं । स्वामी विवेकानंद कहते थे कि जिस पल मुझे ज्ञात हुआ कि हर मानव के हृदय में भगवान है तभी से मैं अपने आने वाले व्यक्ति में ईश्वर को देखने लगा । इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच से शिवेन्द्र कौरव , प्रमोद सिंह भदौरिया , संजय शुक्ला , विष्णू शर्मा , रूद्र रवि शर्मा भी मौजूद रहें।

# आबकारी विभाग को बड़ी सफलता शराब से भरा हुआ एक कंटेनर पकड़ा गया

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा जीरो वन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे में करीब 15, 000,00की पेटी 588 बोतल बरामद की जनपद में चोरी लूट अवैध शराब निर्माण की बिक्री अत्यधिक बढ़ गई है आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए घटनाओं में संलिप्त व्यक्ति गणों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देश में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी अछनेरा के सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नेहरा को टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसमें दिनांक 13 /01/2021 को थाना पुलिस की टीम द्वारा गस्त के दौरान कीठम के पास दक्षिणी बाईपास पर गश्त के दौरान पुलिस टीम व आबकारी विभाग को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक कंटेनर जिसमें अवैध शराब है मथुरा की तरफ से आ रहा है

**सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही करते हुएः** स्थानीय पुलिस टीम द्वारा बैरियर पर लगाए चेकिंग आरंभ कर दी कुछ समय पश्चात मथुरा की तरफ से एक कंटेनर ॥क्र5त्र5317 को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा रोक लिया गया संयुक्त टीम द्वारा कंटेनर के सामान के अंदर हार्डवेयर का सामान छुपा कर ले जा रहे 49 पेटी अवैध शराब रेड वाइन/वाइन बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार



कर लिया गया इस संबंध में थाना अछनेरा पर मु0अ0स0 24/2022धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया

**आशिक पुत्र पहलू निवासी ग्राम कथराला थाना सीकरी जनपद भरतपुर राजस्थानः** 1 प्रभारी निरीक्षक श्री विपिन कुमार थाना अछनेरा जनपद आगरा निरीक्षक श्री रूपेंद्र निर्मल आबकारी विभाग जनपद आगरा ऊं0नि0 श्री सोनू थाना अध्यक्ष जनपद आगरा है 0का0 कमल कुमार थाना अछनेरा जनपद आगरा कॉन्स्टेबल सौरव कुमार थाना अछनेरा जनपद आगरा हेड कांस्टेबल प्रवेंद्र चौधरी आबकारी विभाग जनपद आगरा आरक्षी राधेश्याम सिंह आबकारी विभाग जनपद आगरा आरक्षी प्रदीप कुमार आबकारी विभाग जनपद आगरा

## भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा एवम मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**



**गोहद।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के सानिध्य में युवा नेता मध्य प्रदेश पाठ पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त श्री शैलेंद्र बरुआ जी को नियुक्त किया गया है द्य वे अपने निर्धारित गवालियर के मंशापूर्ण हनुमान जी से पूजा अर्चना एवं उनसे आशीर्वाद लेने उपरांत भाजपा प्रान्त कार्यसमिति के सदस्यों श्री संजीव कांकर जी, श्री रमेश दुबे जी, श्री देवेंद्र नरवरिया जी, जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया जी युवा मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाह, भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष श्री अमित दुबे, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेंद्र गुर्जर के साथ श्री बरुआ जी अपने गृह जिला भिंड सीमा में प्रवेश करते ही मालनपुर, सर्वा, छिमका, गोहद चौराहा जगह जगह स्वागत हुआ एवम बिरखडी पर भाजपा युवा मोर्चा गोहद मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा माननीय बरुआ जी को पगड़ी साल और फलों से तोलकर उनका स्वागत किया एवम मोर्चा व गांव के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा व मालाओं से स्वागत किया स्वागत कर्ताओं में मंडल अध्यक्ष सिंधिया फैंस क्लब दयानंद शर्मा, जय नारायण शर्मा, शिवराम शर्मा, रतन सिंह बंजारा, सुरेंद्र बाबू जी, राकेश शर्मा, गुलाब बंजारा, मुकेश पीड़वार, ऋषि जयंत, पूरण निगम, जितेंद्र शर्मा, रजत, वीरेंद्र, योगी, भूरा बंजारा, दंबी बंजारा, बीके शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# बड़े धार्मिक एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित होगा विश्व प्रसिद्ध शनि मंदिर





### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर की पहल पर बनी शनि मंदिर के कायाकल्प की योजना

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शनिदेव मंदिर पहुँचे

ग्वालियर। विश्व प्रसिद्ध शनि देव मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा। मुरैना जिले के ऐंती गाँव की सुरम्य पहाड़ी पर स्थित शनि देव मंदिर परिसर को बड़े धार्मिक एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री एवं मुरैना के सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इस दिशा में पहल की है।श्री तोमर इस सिलसिले में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शनिदेव मंदिर परिसर पहुँचे और मंदिर के जीर्णोद्धार और विकास के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की*।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के साथ कलेक्टर मुरैना श्री बी कार्तिकेयन , जिला पंचायत मुरैना के कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह तथा मुरैना के पूर्व कलेक्टर श्री विनोद शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शनिदेव मंदिर पहुँचे थे।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर चाहते हैं कि यह मंदिर धार्मिक और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो इसी को दृष्टिगत रखकर मंदिर के विकास की योजना बनाई गई है। शनिदेव मंदिर को भव्य रूप देकर इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए मुरैना जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।

शनिदेव मंदिर परिसर को भव्य रूप देने के लिए मंदिर में शनि परिक्रमा मार्ग के साथ- साथ शनि सरोवर और शनि कुंड का निर्माण किया जाएगा । मंदिर के विकास को दो हिस्सों में बांटा गया है एक आंतरिक और दूसरा बाहरी विकास। आंतरिक विकास के तहत मंदिर परिसर के भीतर अत्याधुनिक तरीके से विकास कार्य कराएँ जाऐंगे। इसी तरह बाहरी विकास के तहत परिक्रमा मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत बिजली सड़क कनेक्टिविटी के अलावा परिक्रमा मार्ग में जन सुविधाएं, दुकानें और खानपान की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी ना आए। जिसमे परिक्रमा मार्ग सहित प्रस्तावित अन्य विकास कार्यों का केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने शुक्रवार को निरीक्षण भी किया।

वर्तमान में शनि मंदिर के दो परिक्रमा मार्ग हैं। एक 6 किलोमीटर दायरे में है जबकि दूसरा परिक्रमा मार्ग 21 किलोमीटर लंबा है। परिक्रमा मार्गों का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है। लगभग 21 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग में अन्य मंदिर भी हैं, जिनका भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। परिक्रमा मार्ग के दोनों ओर पौधरोपण के कार्य को भी जीर्णोद्धार योजना में शामिल किया गया है। इस शनि मंदिर की गिनती देश के प्राचीन शनि मंदिरों में होती है। यही नहीं इस मंदिर का धार्मिक महत्व भी है लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया है।

## मोहल्ले का वर्षों पुराना कचरा ठिया समाप्त हुआ तो खुशी से झूमे क्षेत्रवासी, कर्मचारियों का किया सम्मान

**विभिन्न वार्डों में शुक्रवार को समाप्त किए 5-50 वर्ष पुराने 5 कचरा ठिए**



ग्वालियर। स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पंहुचाने एवं ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बनाने के उददेश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्ड स्तर पर विभिन्न नवाचारों के माध्यम से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जहां एक ओर वर्षों पुराने कचरा ठियों को साफ कर उन स्थलों को आकर्षक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आमजनों को भी सडक के किनारे या चौराहे पर कचरा न फेंककर घर या दुकान का कचरा केवल निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज जब पानपत्ते की गोठ में कई वर्षों पुराना कचरा ठिया साफ कर उस स्थल को निगम कर्मचारियों द्वारा सुंदर बनाया गया तो क्षेत्र के नागरिकों से खुशी जाहिर करते हुए माला पहनाकर निगम कर्मचारियों का सम्मान किया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में निगम के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी द्वारा यही प्रयास किया जा रहा है कि हमारा ग्वालियर सबसे स्वच्छ ग्वालियर कैसे बने। इसी क्रम में वार्ड मॉनीटर श्री सतेन्द्र सिह सोलंकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी के निर्देशन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद धौलपुरिया एवं डब्ल्यूएचओ श्री हरप्रसाद द्वारा वार्ड 53 स्थित पानपत्ते की गोठ, त्रिवेणी चौक पर स्थित लगभग 50 वर्ष पुराना कचरा ठिया साफ कर वहां पुराने पाइपों को काटकर रंग बिरंगे गमले बनाकर रखे तथा आकर्षक रंगोली बनाई जिसे देखकर क्षेत्र के नागरिकगण भी काफी प्रसन्न हुए तथा सभी कर्मचारियों का सम्मान किया। इसके साथ ही वार्ड 44 के वार्ड मॉनीटर श्री बी के गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में वार्ड हेल्थ ऑफीसर श्री लोकेन्द्र चिंडालिया द्वारा दौल्तगंज स्थित नागदेवता मंदिर के पास, जिन्सी रोड नम्बर 2 एवं गुब्बारा फाटक शीतला माता मंदिर के पास वर्षों पुराने कचरा ठियों को साफ कराकर वहां रंगोली बनवाई और नागरिकों से वहां कचरा न डालने की अपील की। वहीं वार्ड 41 के वार्ड मॉनीटर श्री केसी अग्रवाल के निर्देशन में वार्ड हेल्थ ऑफीसर श्री लक्ष्मण खरे द्वारा छत्री खेल मैदान के गेट के पास कचरा ठिया साफ कराकर गमले रखवाए।

## गार्डन पैलेस सोसाइटी द्वारा कचरा सेग्रकेशन न करने पर लगाया 15 हजार का जुर्माना

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जनजागरुकता अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ आमजनों को स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया और उन्हें अब कचरा न फैलाने की चेतावनी दी गई। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान में सभी वार्डों में विशेष निरीक्षण दल द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत शुक्रवार को क्षेत्र क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 60 के अंतर्गत वार्ड मॉनीटर सुश्री सुरुची बंसल के निर्देश पर बार-बार समझाने पर भी गार्डन पैलेस सोसाइटी में कचरा सेग्रीगसन ना होने पर 15 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। सोसाइटी को पूर्व में ही बार-बार समझाइश दी गई थी एवं सूखा, गीला व बायो मेडीकल बेस्ड कचरा अलग अलग रखने की जानकारी निरंतर दी जा रही थी। जिसको लेकर आज मौके पर पहुंचकर सोसाइटी के डस्टबिन चेक किए गए जिसमें हानिकारक धातु एवं सेनेटरी पैड एवं डायपर एवं गीला और सूखा कचरा एक ही डस्टबिन में डिस्पोज किया जा रहा था। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 60 में ही स्थित आमंत्रण रेस्टोरेंट्स पर भी गंदगी फैलाने एवं कचरा सेग्रकेशन न करने को लेकर 2 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक श्री हरिकेश, वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री धर्मेंद्र धीरज एवं असिस्टेंट वार्ड हेल्थ ऑफिसर विक्रम द्वारा कार्यवाही की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 30 के वार्ड मॉनीटर श्री हसीन अख्तर के निर्देशन में गंदगी करने पर होल्डन पैलेस पर 3 हजार रुपए एवं श्री दिलीप कुमार द्वारा गंदगी फैलाने पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं वार्ड 1 में 2500 रुपए एवं वार्ड 10 में 750 रुपए जुर्माना गंदगी फैलाने वालों से वसूल किया गया। वार्ड 65 में श्री दिनेश वैश्य द्वारा गंदगी फैलाने पर 2 हजार रुपए, श्री नरेश कुशवाह पर 1 हजार रुपए एवं श्री रवि यादव पर 500 रुपए जुर्माना लगाया गया।

## केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर का शिवपुरी एवं ग्वालियर के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह

### केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने गरीबों को तिल के लड्डू एवं कंबल वितरण किए



ग्वालियर। जनवरी भारत सरकार के कृषि कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर के ग्वालियर एवं मुरैना जिले के प्रवास के दौरान शनि महाराज मंदिर मुरैना पर शिवपुरी जिला एवं जिला ग्वालियर भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पहुंच कर अपने प्रिय नेता का सर्वप्रथम माला पहनाकर एवं मिठाई के साथ स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

अभिनंदन के बाद केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने उपस्थित नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी तथा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं उन्होंने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रेरणा के साथ अंतोदय योजना देश एवं प्रदेश के प्रत्येक कमजोर व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्यक्रम निर्धारित करें और हर वर्ग को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक श्री रणवीर सिंह रावत मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अशोक जैन , श्री जगराम सिंह यादव जी पूर्व महामंत्री शिवपुरी, भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर ग्रामीण नवनियुक्त महामंत्री श्री दीपक माहौर भाजपा जिला शिवपुरी नवनियुक्त महामंत्री सोनू विरथरे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ श्री नफीस अहमद खान , पृथ्वीराज जादौन जी, गगन खटीक जी, जिला उपाध्यक्ष विपिन खेमरिया जी, भारतीय जनता शिवपुरी जिला मंत्री श्रीमती पूनम राजोरिया, शिवपुरी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरती देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता ग्वालियर श्री महेंद्र सिंह सेंगर ओमप्रकाश सिंह तोमर मुरैना भाजपा ग्वालियर पूर्व जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर ग्रामीण अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहीस खान भारतीय जनता पार्टी भगत सिंह मंडल कार्यालय मंत्री श्री महेंद्र गुप्ता मुख्य रूप से शामिल थे ।

**केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने गरीबों को तिल के लड्डू एवं कंबल वितरण किए**

केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित गरीबों को कंबल वितरण एवं तिल के लड्डू कार्यक्रम का आयोजन शनिचरा मंदिर पर आयोजित किया उपस्थित वहां गरीबों को केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने अपने हाथों से कंबल वितरण किए एवं तिल के लड्डू देकर मकर संक्रांति की बधाई दी। कार्यक्रम में युवा मोर्चा पूर्व पदाधिकारी बृजेंद्र सिंह तोमर एवं कार्यकर्ता गण शिबू सिंह तोमर अंकुर सिंह सेंगर प्रदीप सिंह आदि कार्यकर्ता

## जैन मिलन ग्वालियर ने मकर संक्रांति एवं नववर्ष मिलन आयोजित किया

**मेम्बरों ने उड़ाई पतंग, कप्लसों ने पतंग उड़कर ली सेल्पी मेम्बरों ने पतंग उड़ाने ने साथ गेम्स खेले, जीते पुरुस्कार,**



ग्वालियर-अरी छोड़ दे सजनिड़या छोड़ दे पतंग मेरी छोड़ दे...ऐ ढील दे ढील देदे रे भैया उस पतंग को ढील दे...चली-चली रे पतंग मेरी चली रे......ये दुनिड़या पतंग निड़त बदले रंग जैसे फिल्मों के गानों पर कप्लसों ने पतंग उड़कर पुरानी यादें ताज की। मेम्बरों ने सेल्फी प्वाइंट पर इंजॉय किया। मौके था जैन मिलन ग्वालियर की ओर से आज मकर संक्रांति एवं नव वर्ष कार्यक्रम नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में आयोजित किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन मिलन ग्वालियर संस्था के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन व संजीव जैन ने मेम्बरों का तिलक व टुपट्ट उड़कर स्वागत किया। मेम्बरों ने मकर संक्रांति पर प्रश्नमंच, सरप्राइज गेम एवं सेल्फी प्वाइंट प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर जैन मिलन के निर्मल पाटनी, बालचंद जैन, अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, विनय कासलीवाल, पंकज भौंच, संजीव अजमेरा, नवीन जैन, विमल जैन, आदि मेम्बर मौजूद थे।




## वार्ड स्वच्छता रैंकिंग एवं कोविड गाइडलाइन के पालन में मागदर्षन के लिए वार्ड स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समिति एवं जनप्रतिनिधियों के साथ गूगल मीट चर्चा आज

ग्वालियर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्ड स्व्च्छता रैंकिंग एवं कोविड संक्रमण की रोकथाम व गाइडलान के पालन हेतु मार्गदर्शन एवं सुझाव के लिए वार्ड स्तर पर गठित क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ विधानसभा वार गूगल मीट का आयोजन प्रति शनिवार को प्रातः 10.30 से 11.30 बजे तक किया जाएगा। चर्चा के दौरान सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, संबंधित विधानसभा के विधायकगण एवं संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सैना, कलेक्टर ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहेगें। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत साप्ताहिक वार्ड स्व्च्छता रैंकिंग का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत स्वच्छता मापदंडों के आधार पर प्रति सप्ताह वार्ड की रैंकिंग की जाती है, जिसमें संबंधित वार्ड का फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु वार्ड स्तर पर गठित क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ विधानसभा वार 15-15 मिनट की गूगल मीट पर चर्चा की जाएगी। इस हेतु सभी संबंधित समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को समय से पूर्व लिंक भेज दी जाएगी। चर्चा के दौरान वर्तमान में कोविड संक्रमण की रोकथाम व गाइडलान के पालन हेतु भी चर्चा कर मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त किए जाएगं।

## सुखद पहल: प्लीज अंकल मास्क लगा लीजिए वरना फिर से दुःख भरे दिन देखने पड़ेगें

### एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के विद्यार्थी शहर के प्रमुख चौराहों पर कर रहें हैं जन-जागरण

ग्वालियर। किसी से अनुनय विनय तो किसी पर हल्की सी नाराजगी । किसी को कानून की सीख तो किसी का चालान ।एनसीसी केडिट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विद्यार्थियों ने जहाँ जैसी जरूरत पड़ी उस हिसाब से काम कर लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने के लिए प्रेरित किया । कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की पहल पर मकर संक्रांति के पावन पर्व से ग्वालियर शहर के 20 प्रमुख तिराहों-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर कोरोना की तीसरी लहर पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ है ।

शहर के तिराहों-चौराहों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस अमले के साथ तैनात एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े कर्त्तव्यनिष्ठ बालक ङ्कबालिकाएँ पूरे समर्पण भाव के साथ शहरवासियों को कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने के लिए



सचेत कर रहे हैं ।शुक्रवार को सचिन तेंदुलकर मार्ग पर कार में मास्क लगाए बगैर बैठे एक सज्जन को एनसीसी कैडिट और राजमाता तिराहे से बाइक पर सवार होकर बगैर मास्क के गुजर रहे महानुभाव को एनएसएस के स्वयं सेवक ने टोका तो ये दोनो खासे नाराज हो गये । पर जब एनसीसी कैडिट और एनएसएस के स्वयं सेवकों ने नम्र भाव से कहा कि अंकल कोरोना की दूसरी लहर में हम सबने अपने प्रियजनों एवं मित्रों को खोया है ।अगर अभी भी सचेत नहीं हुए तो ऐसे दुय्ख भरे दिन फिर से देखने पड़ सकते है ।इसलिए प्लीज अंकल मास्क लगाकर ही घर से निकलिए ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478